●वर्ष : 16 ●अंक : 271 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08
RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान
लोकतंत्र का स्तंभ
दिल्ली से प्रकाशित
बुधवार 22 जनवरी 2025

## समाचार

### बलिया में 1.4 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन के साथ दो लोग गिरफ्तार

नूना न्यूज एजेंसी।

**बलिया।** जिले की दुबहर पुलिस ने बुधवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1.4 करोड़ रुपये मूल्य की 700 ग्राम हेरोइन (माद पदार्थ) बरामद की। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि दुबहर पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के चकिया के बारी बन्धे पर स्थित हनुमान मन्दिर के पास से अनिल सिंह और रिपुंजय तिवारी को गिरफ्तार किया। सिंह ने बताया कि अनिल के पास से 400 ग्राम व रिपुंजय के पास से 300 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उन्होंने बताया कि बरामद हेरोइन की कीमत एक करोड़ चालीस लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि हेरोइन की तस्करी करने के दोनों आरोपी जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि अनिल इसके पहले शाहजहांपुर जिले में हत्या के एक मामले में वर्ष 2011 में जेल में बंद था जहां उसकी मुलाकात हेरोइन की तस्करी के आरोप में जेल गए झारखंड के रांची निवासी एक व्यक्ति से हुई।अनिल सिंह जेल से जमानत पर छूटने के बाद रांची निवासी उसी व्यक्ति के माध्यम से कथित तौर पर हेरोइन तस्करी के अपराध में लिप्त हो गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार रिपुंजय तिवारी वर्ष 2007 में हुई हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास का दोषी ठहराया गया है और फिलहाल जमानत पर है। इससे पहले तिवारी को जिला बदर घोषित किया जा चुका है, जिसकी समयावधि पूरी हो चुकी है। पुलिस ने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि होने के कारण अनिल सिंह और रिपुंजय तिवारी एक दूसरे के सहयोगी बन गए।

# बूथ की ताकत बीजेपी को जीत दिलाएगी

## पीएम मोदी ने कार्यकताओं को दिया जीत का मंत्र



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** बीजेपी का मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली मां हर चीज को समझती है. मतदाता दूध का दूध और पानी का पानी अच्छे से समझते हैं. दिल्ली वाले, आप की आपदा और उनके झूठ और उनके फरेब से अब ऊब चुके हैं. पहले कांग्रेस ने और आप ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है।

### ››› पीएम मोदी के संबोधन की अहम बातें

आपदा वाले हर दिन नई घोषणाएं इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वो घबराए हुए हैं. उन्हें रोज नई खबर मिल रही है कि ये इलाका गया, ये कॉलोनी गई, ये क्षेत्र गया और वो इससे डर कर रोज नई घोषणा कर रहे हैं. पिछले 10 सालों में कई बार झुग्गी-बस्ती वालों को घर देने का वादा करने के बाद भी आपदा सरकार ने आजतक घर नहीं बनाएं और उनकी कोई मदद नहीं की. आपदा सरकार ने हमारे द्वारा बनाए गए 50 हजार घर भी आवांटित नहीं किए हैं। उन्हें ये घर केवल आप तक पहुंचाने थे. उन्हें केवल कागज देने थे लेकिन वो भी आप की सरकार नहीं कर पाई. आपदा सरकार का पूरा ध्यान शीशमहल बनाने पर था और इसलिए दिल्लीवासियों की परेशानी उन्हें नहीं दिखाई दी. दिल्ली के लोगों को पानी के लिए तरसाकर उन्होंने सारा पैसा शीशमहल बनाने में लगा दिया. पीएम मोदी ने कहा, "मैं दिल्ली वालों को विश्वास दिला सकता हूं कि बीजेपी की सरकार आते ही घर-घर तक पीने का पानी पहुंचाने का अभियान चलाएंगे. आपदा वालों ने दिल्ली की हेल्थ सर्विस को भी बरबाद कर दिया है और उसमें भी घोटाला किया है".आयुष्मान योजना लागू करने के लिए बीजेपी सरकार, आपदा वालों को कब से बोल रही है लेकिन इसमें भी उन्हें परेशानी हो रही है. अगर आप व्यापार के लिए या फिर पढ़ने के लिए गए हैं, कहीं कोई मुसीबत आ गई तो वहां भी आपको मुफ्त इलाज मिलेगा लेकिन आपदा वाले यहां आयुष्मान योजना लागू नहीं होने देते हैं।

# मणिपुर जेडीयू में ये क्या हो रहा?

## स्टेट चीफ ने बिना चर्चा के ही वापस लिया बीजेपी सरकार से समर्थन

नूना न्यूज एजेंसी।

**इम्फाल।** जनता दल यूनाइटेड ने बुधवार को मणिपुर की भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया. एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में एनडीए के घटक जनता दल यूनाइटेड) ने मणिपुर सरकार से औपचारिक रूप से अपना समर्थन वापस ले लिया है. जेडीयू की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष बीरेन सिंह ने समर्थन वापसी का पत्र राज्यपाल को भेज दिया है. दूसरी तरफ जेडीयू के राष्ट्रीय संगठन ने मणिपुर सरकार से



समर्थन वापसी से इनकार किया है और अध्यक्ष को उनके पद से मुक्त कर दिया बीरेन सिंह को राज्य इकाई के अध्यक्ष पद से हटा दिया है। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि, "यह भ्रामक और निराधार है. पार्टी ने इसका संज्ञान लिया है और पार्टी की मणिपुर इकाई के गया है. हमने एनडीए का समर्थन किया है और मणिपुर में एनडीए सरकार को हमारा समर्थन भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि, "मणिपुर इकाई ने केंद्रीय नेतृत्व से कोई संवाद नहीं किया, उन्हें विश्वास में नहीं लिया गया. उन्होंने (मणिपुर जेडीयू प्रमुख) खुद ही पत्र लिखा था. इसे अनुशासनहीनता मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है और उन्हें पद से मुक्त कर दिया गया है... हम एनडीए के साथ हैं और राज्य इकाई मणिपुर के लोगों की सेवा करती रहेगी और राज्य के विकास में योगदान देगी।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### केजी से पीजी तक फ्री एजुकेशन और मुफ्त इलाज- कब साकार होगा यह सपना ?

भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर 21 जनवरी 2025 को जारी किए गए अपने दूसरे संकल्प पत्र में यह वादा किया है कि दिल्ली की सत्ता में आने पर पार्टी जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा देगी। इस पर पलटवार करते हुए आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि दिल्ली की सत्ता में आने पर भाजपा मुफ्त शिक्षा और मुफ्त इलाज बंद कर देगी। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अलग हटकर देखा जाए तो फ्री एजुकेशन का यह मसला अपने आप में बहुत ही गंभीर मसला है और दुर्भाग्य से इस परिस्थिति के लिए इस देश के सभी राजनीतिक दल जिम्मेदार है। आज कोई भी राष्ट्रीय या बड़ा क्षेत्रीय दल सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ्य की बदहाली के लिए अपने आपको जिम्मेदार से मुक्त नहीं बता सकता है क्योंकि लगभग सभी राजनीतिक दलों ने कभी न कभी सत्ता का सुख जरूर भोगा है। गठबंधन राजनीति के दौर में, देश की राजनीति में सक्रिय ज्यादातर राजनीतिक दल या तो केंद्र की सत्ता में भागीदार रहे हैं या किसी ना किसी राज्य में सरकार चला चुके हैं या वर्तमान में भी चला रहे हैं। वास्तविकता तो यह है कि भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में मुफ्त शिक्षा और मुफ्त इलाज जैसे बेसिक दायित्वों से लगभग सभी सरकारों ने पल्ला झाड़ लिया है। मुफ्त शिक्षा में कई तरह की शर्तें लगा दी गईं हैं। सरकारी स्कूलों की हालत हर गुजरते दिन के साथ खराब होती जा रही है। देश की राजधानी दिल्ली के सरकारी स्कूलों में जब साइंस और मैथ्स जैसे विषयों के अध्यापकों की भारी कमी है तो देश के अन्य राज्यों के स्कूलों का अंदाजा आप लगा सकते हैं। देशभर के सरकारी स्कूलों में मिलने वाली ड्रेस की गुणवत्ता और किताबों पर लगातार सवाल उठते रहते हैं। एनसीईआरटी तो समय पर किताब छपवाना ही भूल गई है। मिड डे मील ने तो स्कूलों में पढ़ाई की हालत और ज्यादा खराब कर दी है लेकिन इसके विकल्प की भी कोई तलाश नहीं की जा रही है।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# कुलदीप सिंह सेंगर को राहत, दिल्ली हाईकोर्ट ने मिली अंतरिम जमानत

**दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने निष्कासित भाजपा के पूर्व विधायक और उन्नाव रेप केस में आरोपी कुलदीप सिंह सेंगर को 24 जनवरी को एम्स में मोतियाबिंद सर्जरी कराने के लिए अंतरिम जमानत दे दी। उन्हें 27 जनवरी को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। वह इस मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। इससे पहले कोर्ट ने सेंगर को चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने से सोमवार को इनकार कर दिया था। राजनीतिक नेता को 20 जनवरी को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन वह बलात्कार के मुख्य मामले में खंडपीठ से राहत पाने में असफल रहा, क्योंकि यह पाया गया कि जमानत विस्तार के लिए उसका आवेदन पीड़िता को नहीं दिया गया था। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिन्दर कौर की पीठ ने कहा, उसे हिरासत में लिया जाए। बलात्कार पीड़िता के वकील ने आरोप लगाया कि उन्हें केवल शीघ्र सुनवाई की मांग वाला एक आवेदन दिया गया था। इसके बाद, पीड़िता के पिता की हिरासत में हुई मौत से संबंधित मामले में न्यायमूर्ति विकास महाजन ने कहा कि खंडपीठ के रुख को देखते हुए, इस मामले में अंतरिम राहत बढ़ाने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। न्यायाधीश ने कहा, यदि खंडपीठ ने इनकार कर दिया है, तो इससे कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। आप आत्मसमर्पण कर दीजिए। सेंगर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने न्यायमूर्ति महाजन से कहा कि वह शाम को अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर देंगे।

# योग के सहारे फिर से पंजाब में वापसी की उम्मीद

## सीएम दी योगशाला कैंपेन कितनी रही कारगर?

**दिल्ली।** स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इसे ध्यान में रखते हुए, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान 'सीएम दी योगशाला' पहल को एक सार्वजनिक लहर में बदलना चाहते हैं ताकि एक स्वस्थ, प्रगतिशील और समृद्ध राज्य का उनका सपना साकार हो सके। इस पहले को पंजाब सरकरा की तरफ से काफी सफल बताया जा राह है। पंजाब सरकार का कहना है कि राज्य की एक बड़ी आबादी मुफ्त बिजली, सरकार तुहाड़े द्वार और आम आदमी क्लीनिक जैसी योजनाओं से भी लाभ उठा रही है। योगाभ्यास के माध्यम से अच्छा स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने में 'सीएम दी योगशाला' अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पंजाब सरकार की मानें तो मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का यह फैसला उनकी दूरदर्शी सोच को दशार्ता है क्योंकि भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण पिछले कुछ वर्षों में पंजाब में रक्तचाप और उच्च रक्तचाप के मामले तेजी से बढ़े हैं। वहीं, संतुलित आहार न लेने और व्यायाम से दूरी बनाने से यह समस्या और भी बढ़ गई है। दूसरी ओर, डॉक्टर भी लोगों को योग का सहारा लेने की सलाह दे रहे हैं, लेकिन प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की कमी के कारण समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने योग को उन लोगों तक पहुंचाने के लिए 'सीएम दी योगशाला' पहल शुरू की है जो योग के जरिए खुद को स्वस्थ रखना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने युवाओं को इसमें करियर बनाने के मौके भी मुहैया कराए हैं।

# दिल्ली दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन को झटका

## अंतरिम जमानत पर एकमत नहीं पीठ

### ›› सुनवाई के दौरान क्या हुआ

जस्टिस पंकज मित्तल ने अपने आदेश में कहा कि 'ताहिर हुसैन की दंगे में अहम भूमिका थी। उसने दंगे के दौरान कमांड सेंटर की तरह काम किया। उसके घर से हथियार बरामद किए गए।' वहीं जस्टिस अमानुल्लाह ने अपने आदेश में कहा कि 'ताहिर हुसैन बीते पांच साल से जेल में बंद है और समाज और मतदाताओं से कटा हुआ है। ऐसे में अब चुनाव में जितने भी दिन बचे हैं, उसे प्रचार की मंजूरी दी जानी चाहिए।' जस्टिस अमानुल्लाह ने ये भी कहा कि उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को नामांकन के लिए कस्टडी पैरोल दी थी। उच्च न्यायालय को इस मामले को सुलझाना चाहिए। ताहिर हुसैन की जमानत याचिका का विरोध करते हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि 'आरोपी चुनाव प्रचार के दौरान गवाहों को प्रभावित कर सकता है।' उन्होंने कहा कि ताहिर हुसैन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी आरोपी है और उस मामले में उसे जमानत नहीं मिल सकती। ऐसे में वह जेल से बाहर नहीं आ पाएगा।

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ एकमत नहीं है। दो जजों की पीठ में से एक जस्टिस पंकज मित्तल ने ताहिर हुसैन की याचिका खारिज कर दी। वहीं दूसरे जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने याचिका को मंजूर कर लिया। ताहिर हुसैन आगामी दिल्ली चुनाव में एआईएमआईएम उम्मीदवार है



और उसने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अब मामला मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के सामने रखा जाएगा और वे मामले पर सुनवाई के लिए नई पीठ का गठन करेंगे।

### ›› मुस्तफाबाद सीट से चुनाव लड़ रहा है विधानसभा चुनाव

ताहिर हुसैन, आम आदमी पार्टी का पूर्व पार्षद है। फिलहाल वह एआईएमआईएम पार्टी के टिकट पर दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ रहा है। बीती 14 जनवरी को मुस्तफाबाद विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करने के लिए ताहिर हुसैन को दिल्ली उच्च न्यायालय ने कस्टडी पैरोल दी थी। ताहिर ने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए जमानत याचिका खारिज करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। ताहिर हुसैन दिल्ली दंगे से जुड़े 11 मामलों में आरोपी है। उस पर आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या का भी आरोप है। 24 फरवरी 2020 को हुए दिल्ली दंगे में 53 लोग मारे गए थे और कई घायल हुए थे।

# महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और डीजीपी को एमएचए का निर्देश

### ››› घुसपैठियों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई

नूना न्यूज एजेंसी।

**महाराष्ट्र।** गृह मंत्रालय (एमएचए) ने राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और अन्य संबंधित एजेंसियों को बांग्लादेश और म्यांमार से महाराष्ट्र में आने वाले अवैध प्रवासियों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। शिवसेना के उपनेता और पूर्व सांसद राहुल रमेश शेवाले की अमित शाह से बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग पर संज्ञान लेते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ये निर्देश दिए हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के एक दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश से घुसपैठियों के खिलाफ




कार्रवाई तेज होने की संभावना है। शेवाले ने कहा, मैंने नवंबर 2024 में केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखा था और टाटा सोशल साइंस इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट का हवाला दिया था और महाराष्ट्र और मुंबई में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। टाटा इंस्टीट्यूट ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि बांग्लादेशी मुंबई और महाराष्ट्र में लोग अवैध रूप से रह रहे हैं और वे आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं, जिससे मुंबई की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसके अलावा कुछ जगहों पर फर्जी वोटर आईडी देकर उन्हें वोटर भी बनाया जा रहा है, जिससे लोकतंत्र को भी खतरा हो मुंबई पुलिस ने रविवार को कहा कि 30 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक को अभिनेता सैफ अली खान के आवास पर कथित तौर पर चाकू मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उस व्यक्ति को इस बात की जानकारी नहीं थी कि वह एक बॉलीवुड स्टार के घर में घुसा है और उसका इरादा चोरी का था। उन्होंने कहा कि हमलावर को पड़ोसी ठाणे जिले में घोड़बंदर रोड पर हीरानंदानी एस्टेट से पकड़ा गया। अधिकारी ने कहा कि उस व्यक्ति ने भारत में प्रवेश करने के बाद अपना नाम शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर बदलकर विजय दास रख लिया था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के झलोकाटी का रहने वाला आरोपी पांच महीने से अधिक समय से मुंबई में रह रहा था, छोटी-मोटी नौकरियां कर रहा था और एक हाउसकीपिंग एजेंसी से जुड़ा हुआ था।

# अब आतिशी ने रिटर्निंग ऑफिसर को लिखा पत्र

## रमेश बिधूड़ी और भाजपा कार्यकतार्तो पर लगाया बड़ा आरोप

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** की मुख्यमंत्री आतिशी ने कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर को पत्र लिखकर भाजपा कार्यकताओं द्वारा जमीन पर आप स्वयंसेवकों को धमकाने और उत्पीड़न का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि अपने उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता निर्वाचन क्षेत्र में घूम-घूम कर खुलेआम आप कार्यकताओं को गालियां दे रहे हैं और शारीरिक रूप से डरा रहे हैं। इस संबंध में मैंने आपको कल एक पत्र भी लिखा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैं फिर से आपके ध्यान में ऐसी कुछ और घटनाएं लाने के लिए लिख रही हूं जो जमीनी स्तर पर हुई हैं, जैसा कि कल के पत्र के सार्वजनिक डोमेन में आने के बाद हमारे स्वयंसेवकों द्वारा बताया गया है। इससे पहले आतिशी ने चुनाव अधिकारी को पत्र लिखकर रमेश बिधूड़ी के भतीजे और कालकाजी विधानसभा के भाजपा कार्यकताओं के खिलाफ शिकायत की थी। आतिशी ने आरोप लगाया कि वे आप कार्यकताओं को धमका रहे हैं। आतिशी ने एक्स पर लिखा कि कालकाजी में हार के डर से रमेश बिधूड़ी जी के भतीजे और रिश्तेदार गुंडागर्दी पर उतर आए। कल शाम को भाजपा वालों ने आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को डराया, धमकाया और जोर-जबरदस्ती की। कई महिला कार्यकताओं के साथ भी बदतमीजी की। आतिशी ने कहा कि चुनाव अधिकारियों को चिट्ठी लिख कर इन गुंडों पर कार्यवाही की माँग की है। साथ ही कालकाजी विधान सभा क्षेत्र में पैरा-मिलिट्री फोर्स की तैनाती के लिए कहा है। वहीं, अरविंद केजरीवाल ने भी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि पुलिस के संरक्षण और सहयोग से बीजेपी वाले सरे आम दिल्ली के लोगों से गुंडागर्दी कर रहे हैं और उन्हें धमकियाँ दे रहे हैं। ये सब कुछ अमित शाह जी के आदेश पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी 2015 और 2020 में बुरी तरह से हारी थी। इस बार भी बीजेपी बुरी तरह से हार रही है। तो अब अमित शाह जी दिल्ली वालों के खिलाफ गुंडागर्दी करवा रहे हैं। मैं अमित शाह जी से कहना चाहता हू कि दिल्ली सभ्य और शालीन लोगों का शहर है।

# बुराड़ी में नीतीश की प्रतिष्ठा दाव पर, आप विधायक झा पर भ्रष्टाचार के आरोप

**डॉ.समरेन्द्र पाठक/वरिष्ठ पत्रकार**

**नयी दिल्ली।** 22 जनवरी 2025 दिल्ली के बुराड़ी विधान सभा क्षेत्र में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उनके सिपहसलारों की प्रतिष्ठा एक बार फिर दाव पर लग गयी है। भाजपा द्वारा छोड़ी गयी एक मात्र सीट पर क्या जदयू इस बार कामयाब होगा या फिर पुराना हश्र होगा। वर्ष 2020 में हुए विधान सभा चुनाव में बुराड़ी से एनडीए के जदयू से शैलेन्द्र कुमार ही प्रत्याशी थे, जिन्हें आप के संजीव झा ने 88 हजार से अधिक मतों के अन्तर से हराया था। आंकड़ों के अनुसार इस चुनाव ने शैलेन्द्र कुमार 51 हजार से अधिक मत पाए थे, जबकि वर्ष 2015 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गोपाल झा को यहां 56 हजार से अधिक मत मिले थे। अर्थात भाजपा यहां अपने दम पर 5 हजार से अधिक मत लाने में कामयाब रही थी। वर्ष 2020 के चुनाव में मुख्यमन्त्री कुमार एवं उनके सिपहसलारों ने जदयू प्रत्याशी शैलेन्द्र कुमार के पक्ष में सघन प्रचार भी किया था, लेकिन बिहारी मूल के आप प्रत्याशी संजीव झा को शिकस्त नहीं दे पाए थे। यही हश्र जदयू का संगम विहार में भी हुआ था।


आप विधायक संजीव झा


कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी

## महाराष्ट्र के जलगांव में पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह से कई लोगों की मृत्यु की खबर बेहद पीड़ादायक है। बहुत से लोग घायल भी हुए हैं।



**महाराष्ट्र।** पीड़ितों के शोकाकुल परिजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएँ, दिवंगत आत्माओं की शांति की हम प्रार्थना करते हैं। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। सरकार व प्रशासन से अनुरोध है कि पीड़ितों को त्वरित व उचित मुआवजा दिया जाए व अफवाह फैलाने वाले दोषियों के ऊपर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। कांग्रेस के नेताओं व कार्यकताओं से अपील है कि दुःख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करे।

## भाजपा अध्यक्ष ने मंदिर में प्रार्थना करके केजरीवाल द्वारा मयार्दा भंग करने के लिए क्षमा प्रार्थना की : सचदेवा

नई दिल्ली, जनवरी : दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज सुबह कनाट प्लेस स्थित श्री हनुमान मंदिर जा कर श्री राम दरबार के साथ ही श्री हनुमान जी एवं संत शिरोमणी तुलसीदास जी के दर्शन किये और दिल्ली के पूर्व मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा कल श्री राम कथा का गलत विवरण सुना कर भगवान श्री सीताराम की मयार्दा भंग करने और करोड़ों हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहौंचाने के लिए क्षमा प्रार्थना की। सचदेवा ने आज अपना नियमित कार्य चालू रखते हुए आज प्रार्थना स्वरूप विशेष सांकेतिक उपवास रखने का निर्णय लिया। वीरेन्द्र सचदेवा के साथ सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, मीडिया प्रमुख श्री प्रवीण शंकर कपूर एवं भाजपा नेता श्री विक्रम मित्तल ने भी श्री राम दरबार के दर्शन कर क्षमा प्रार्थना की। दर्शन पश्चात पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की यह खेदपूर्ण है की अरविंद केजरीवाल जैसे चुनावी हिंदू राजनेता वोट सभाओं में भगवान के नाम का उल्लेख करते हैं और ज्ञान अभाव में गलत कथा विवरण सुना कर भगवान की मयार्दा एवं हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं।

## राम मंदिर उद्घाटन की वर्षगांठ पर आयोजित किया 'अपने-अपने' राम कार्यक्रम


भगवान राम के जीवन पर प्रेरणादायक प्रस्तुति देते कुमार विश्वासक।

**भगवान राम के जीवन पर दी प्रेरणादायक प्रस्तुति**

नई दिल्ली, जनवरी : राम मंदिर उद्घाटन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर, बीएन ग्रुप ने 18-19 जनवरी को आगरा में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम ह्यअपने अपने रामह्व का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि और वक्ता डॉ. कुमार विश्वास ने भगवान राम के जीवन और उनके मूल्यों पर एक प्रेरणादायक प्रस्तुति दी। डॉ. कुमार विश्वास ने अपनी काव्यात्मक शैली में भगवान राम के आदर्श, ईमानदारी, एकता और धैर्य जैसे सार्वभौमिक संदेशों पर प्रकाश डाला। उनकी प्रस्तुति ने ऐतिहासिक संदर्भ और आधुनिक समाज में राम के महत्व को दर्शकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया। इस कार्यक्रम में लगभग 6,000 लोगों ने भाग लिया, जिनमें सांसद राजेंद्र अग्रवाल, विधायक श्री ज्ञानेंद्र सिंह, और भारतीय सांस्कृतिक फाउंडेशन की निदेशक श्रीमती वंदना शर्मा प्रमुख अतिथि थे।

अपने अपने राम ने परंपरा और आधुनिकता को जोड़ते हुए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया। बीएन ग्रुप ने इस आयोजन के माध्यम से सामुदायिक मूल्यों और भगवान राम के संदेशों को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, जो आज के समाज के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।

# ग्रामीण विकास के लिए बाल रक्षा भारत और सीएसआईआर की साझेदारी, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और सतत विकास पर जोर


सुनानी गांव में आदर्श सुदृढ़ गांव परियोजना का शिलान्यास समारोह में उपस्थित गणमान्य।

नई दिल्ली, जनवरी : 20 जनवरी 2025 को हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के बद्दी क्षेत्र में सिल, सुनानी गांव में ह्यआदर्श सुदृढ़ गांवह्व परियोजना का शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया। यह परियोजना बाल रक्षा भारत और सीएसआईआर, नई दिल्ली की पहल है, जिसे ह्यजी मीडिया एंटरटेनमेंटह्व द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त है। इसका उद्देश्य ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सतत विकास को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राम कुमार चौधरी (विधायक, दून) ने अपने संबोधन में इस परियोजना को ग्रामीण समुदायों की जीवन गुणवत्ता में सुधार का महत्वपूर्ण कदम बताया। सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी और सोलन के उपायुक्त श्री मनमोहन शर्मा (आईएएस) ने भी अपने विचार साझा किए और इस योजना के तहत सड़कों, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक भवन के विकास पर प्रकाश डाला।

सीएसआईआर-सीबीआरआई के निदेशक प्रो. आर. प्रदीप कुमार ने भवन निर्माण में नई तकनीकों के उपयोग और परियोजना में सीबीआरआई के योगदान की जानकारी दी। कार्यक्रम में शालिनी कोटिया ने सामुदायिक विकास में कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) की भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर सीएसआईआर-सीबीआरआई रुड़की ने भवन निर्माण तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई, जिसमें आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय निवासियों और पंचायत सदस्यों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। आदर्श सुदृढ़ गांव परियोजना जलवायु लचीलापन, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और सतत विकास के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भारत के अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत करेगी।

## जिन्होंने संकल्प लेकर छात्रों का भविष्य बर्बाद किया, उनको ऐसा संकल्प पत्र शोभा नहीं देता : देवेंद्र यादव

नई दिल्ली, जनवरी : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने भाजपा के घोषणा पत्र की दूसरे संकल्प पत्र पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि दिल्ली भाजपा ने आज अपना दूसरा संकल्प पत्र जारी किया है। दूसरा संकल्प पत्र भी उतना ही खोखला और झूठा हैं जितना पहला था। अब भारतीय जनता पार्टी को अपने संकल्प पत्र का नाम जुमला पत्र रख लेना चाहिए। क्योंकि उनका जनता को जुमला देने का लंबा इतिहास रहा है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में दिल्ली के युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये देने तथा अंबेडकर जी के नाम पर दलित छात्रों को एक हजार रू देने की आर्थिक मदद की बात कहीं हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण हैं। जो भाजपा सरकारें राज्य दर राज्य भर्ती परीक्षा घोटाले करके युवाओं का भविष्य बेच देती हैं, वहीं एक हजार और 15 हजार रुपये देने झाँसा दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि जिस भाजपा ने शिक्षा का व्यवसायीकरण करके शिक्षा इतनी महँगी कर दी कि शिक्षा दलित छात्रों की पहुँच से दूर हो गई है, अब दलित छात्रों की सहानुभूति लूटने के लिए भाजपा अब चुनावी स्वाँग रच रही हैं। देवेन्द्र यादव ने कहा कि जिस भाजपा की पुलिस ने दिल्ली के स्ट्रीट वेंडर्स को दरबदर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर कर दिया और कांग्रेस द्वारा बनाए गए रेहड़ी पटरी कानून को लागू करने की कहीं भी कोई कोशिश नही की, अब रेहड़ी पटरी वालों के वोटों की चिंता भाजपा को क्यों सता रही हैं। श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा जवाब दे कि क्यों मोदी सरकार ने ह्यमाध्यमिक शिक्षा की राष्ट्रीय प्रोत्साहन योजना (एनएसआईजीएसई) को बंद कर दिया।

## राजौरी गार्डन में जिम और हरित पार्क बनाए जाएंगे : सिरसा

नई दिल्ली, जनवरी : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए जिम और ग्रीन पार्क स्थापित किए जाएंगे। राजौरी गार्डन में आयोजित विभिन्न चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए सिरसा ने कहा कि युवाओं के लिए खेलकूद और फिटनेस को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुझे यह महसूस हुआ है कि क्षेत्र के युवाओं को जिम और पार्कों की सख्त जरूरत है। इससे न केवल खेलों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि प्रतिस्पर्धा की भावना भी जागृत होगी। यह पहल युवाओं को नशे की आदतों से दूर रखने और शारीरिक रूप से फिट रखने में सहायक होगी।

आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने युवाओं को खेल में करियर बनाने के लिए आवश्यक अवसर प्रदान करने में विफलता दिखाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आप सरकार ने दिल्ली को गंदगी का ढेर बना दिया है, जहां हर तरफ अव्यवस्था और कचरे का आलम है।

उन्होने कहा कि भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं के कल्याण के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के प्रयासों से युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिले हैं और उन्हें खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आज का युवा पहले से ज्यादा स्वस्थ, मजबूत और खुशहाल है।

सिरसा ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिलता है तो वह राजौरी गार्डन को दिल्ली का एक मॉडल निर्वाचन क्षेत्र बनाएंगे और प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों को लागू करेंगे। मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज राजौरी गार्डन क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इन सभाओं में जनता की अभूतपूर्व भागीदारी देखने को मिली। स्थानीय निवासियों ने उन्हें अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया।

# भारत पर्व पर नई दिल्ली के लाल किला प्रांगण में राजस्थान की झांकी 'सोणो राजस्थान' बनेगी आकर्षण का केंद्र

## नई दिल्ली की गणतंत्र दिवस परेड राष्ट्रीय रंगशाला में हुआ प्रेस प्रिव्यू



**नई दिल्ली।** 22 जनवरी 2025 । राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में इस वर्ष गणतंत दिवस की मुख्य परेड में कर्तव्य पथ से निकलने वाली चुनिंदा झांकियों और दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला प्रांगण में 26 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाले भारत पर्व-2025 में भाग लेने वाली झांकियों की तैयारियों का बुधवार को नई दिल्ली के दिल्ली कैंट परेड ग्राउंड दिल्ली केंट स्थित गणतंत्र दिवस परेड राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में प्रेस प्रिव्यू हुआ । इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में विभिन्न राज्यों सहित केन्द्रीय मंत्रालयों की 31 झांकियां शामिल होंगी, जबकि लाल किला प्रांगण में 26 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाले भारत पर्व-2025 में मुख्य परेड में शामिल झाँकियों सहित विभिन्न राज्यों की 43 झांकियां भाग लेंगी । हालांकि इस बार राजस्थान की झाँकी गणतंत दिवस की परेड में कर्तव्य पथ से निकलने वाली चुनिंदा झांकियों में तो शामिल नहीं होंगी, लेकिन दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला प्रांगण में आयोजित होने वाले भारत पर्व-2025 में राजस्थान की झांकी 'सोणो राजस्थान' भी मुख्य परेड में निकलने वाली झांकियों के साथ ही शामिल होंगी और जन आकर्षण का केंद्र बनेगी। इस झाँकी में विरासत ओर विकास का सुन्दर मिश्रण किया गया हैं। यह नयनाभिमानी यह झांकी विकसित भारत की संकल्पना लिए राजस्थान के समृद्ध इतिहास,संस्कृति और स्थापत्य परंपरा के साथ ही राज्य के नवीन निर्माण की एक सुंदर झांकी है। झांकी के नोडल अधिकारी राजस्थान ललित कला अकादमी के डॉ.रजनीश हर्ष ने प्रेस प्रिव्यू में पत्रकारों को बताया कि यह सुन्दर झांकी राजस्थान की उत्सवधर्मी संस्कृति, स्थापत्य परंपरा और हस्तशिल्प का सुंदर मिश्रण हैं। इस बार भी झाँकी का डिजाइन सिद्धस्त कलाकार हरशिव शर्मा द्वारा सुंदर तरीके से किया गया है।

## महाकुम्भ 2025 : विदेशी मीडिया ने जानी दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन की भव्यता

### नई दिल्ली में विदेशी पत्रकारों को दी गई महाकुम्भ के भव्य आयोजन की जानकारी

नई दिल्ली, जनवरी : प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुम्भ 2025 की भव्यता और महत्व को लेकर योगी सरकार देश-विदेश में व्यापक प्रचार अभियान में जुटी है। इसी कड़ी में सोमवार को नई दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय जवाहर लाल नेहरू भवन में विदेशी मीडिया के समक्ष महाकुम्भ की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विशेषताओं को प्रस्तुत किया गया। प्रयागराज में आयोजित हो रहे विश्व के सबसे बड़े आयोजन को धर्म, संस्कृति और आत्म-खोज के प्रतीक के रूप में बताया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च अधिकारियों ने विदेशी मीडिया को महाकुम्भ की भव्यता की जानकारी दी।

विदेश मंत्रालय एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विदेशी मीडिया के समक्ष जानकारी देते हुए बताया गया कि महाकुम्भ 2025 मानवता के इतिहास में सबसे बड़े आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक समागमों में से एक है। यह आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में आयोजित हो रहा है। इसकी पौराणिक जड़ें समुद्र मंथन की कथा से जुड़ी हैं, जिसमें अमृत कलश से चार पवित्र स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में अमृत की बूंदें गिरी थीं। महाकुम्भ का स्नान आत्मा की शुद्धि और आत्मज्ञान का प्रतीक माना जाता है। सरकार के आंकलन के अनुसार, इस बार महाकुम्भ में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है, जिनमें करीब 15 लाख विदेशी पर्यटक भी होंगे। 2019 के कुंभ मेले में 25 करोड़ लोग शामिल हुए थे। यह आयोजन विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के लोगों को एक साथ लाकर एकता और समानता का संदेश दे रहा है।

## गर्भवती महिलाओं में थायरॉयड विकारों की बढ़ती समस्या, समय पर उपचार न मिलने से बढ़ रही प्रसव संबंधी जटिलताएं

नई दिल्ली, जनवरी : गर्भावस्था के दौरान थायरॉयड विकार, जैसे हाइपोथायरायडिज्म और हाइपरथायरायडिज्म, एक गंभीर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। यह समस्या न केवल मां बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती है। गुड़गांव स्थित मदरहुड अस्पताल की कंसल्टेंट स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनल सिंघल के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान 2.5 फीसदी महिलाओं में हाइपोथायरायडिज्म देखा गया है। थायरॉयड ग्रंथि चयापचय और ऊर्जा स्तर को नियंत्रित करती है। इसके विकारों के लक्षणों में थकान, वजन में असामान्य बदलाव, सूजन और मूड स्विंग शामिल हैं। डॉ. सिंघल ने बताया कि यह समस्या ऑटोइम्यून डिसऑर्डर, आयोडीन की कमी, या पहले से मौजूद थायरॉयड समस्याओं के कारण होती है। गर्भवती महिलाओं के अलावा, 25 से 45 वर्ष की प्रजनन आयु वर्ग की 2-3 फीसदी महिलाएं भी इस समस्या से प्रभावित हो रही हैं। समय पर उपचार न मिलने से समय से पहले प्रसव, बच्चे के शारीरिक विकास में रुकावट और अन्य जटिलताएं हो सकती हैं। डॉ. सिंघल ने सलाह दी कि महिलाओं को नियमित रूप से थायरॉयड की जांच करनी चाहिए। आयोडीन युक्त संतुलित आहार और प्रसवपूर्व जांच को प्राथमिकता देना इस समस्या से बचाव के लिए अनिवार्य है।

## देश में टेक्नोलॉजी और एआई इंजीनियरिंग में उभरते अवसर

नई दिल्ली, जनवरी : भारत का नौकरी बाजार 2024 में नए आयामों पर पहुंचा, जिसमें उन्नत टेक्नोलॉजी, बदलती करियर प्राथमिकताओं और कार्यबल गतिशीलता ने अहम भूमिका निभाई। इनडीड द्वारा किए गए विश्लेषण ने इस वर्ष की सबसे अधिक मांग वाली भूमिकाओं और रोजगार रुझानों को उजागर किया। 2024 में कस्टमर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव और ड्राइवर जैसी भूमिकाएं सबसे ज्यादा मांग में रहीं। बीपीओ क्षेत्र में विस्तार और ई-कॉमर्स व लॉजिस्टिक्स की वृद्धि ने इन नौकरियों को आकर्षक बनाया। ये भूमिकाएं न केवल स्थिर आय का वादा करती हैं, बल्कि कौशल विकास के अवसर भी प्रदान करती हैं। दूसरी ओर, ड्राइवरों की मांग में वृद्धि ने भारत की सेवा-आधारित अर्थव्यवस्था में नीले-कॉलर नौकरियों के महत्व को बढ़ावा दिया। टेक्नोलॉजी सेक्टर ने भी भारत के नौकरी बाजार पर गहरी छाप छोड़ी। डिजिटल परिवर्तन की होड़ में कंपनियां एआई इंजीनियर और तकनीकी विशेषज्ञों जैसी भूमिकाओं के लिए भर्ती करती रहीं। ये रुझान दिखाते हैं कि भारत का कार्यबल अब डिजिटल भविष्य और सेवा अर्थव्यवस्था दोनों के लिए तैयार है। टेक्नोलॉजी के साथ-साथ बिजनेस डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट्स की मांग भी तेजी से बढ़ी। कंपनियां न केवल तकनीकी प्रगति पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, बल्कि बाजार में अपनी उपस्थिति और राजस्व को बढ़ाने के लिए रणनीतिक साझेदारियों पर जोर दे रही हैं।

## रोहिणी से दो सप्ताह में लापता 12 बच्चों को पुलिस ने बचाया



**दिल्ली।** के रोहिणी इलाके में पिछले दो सप्ताह में लापता या अपहृत हुए 12 नाबालिगों को बचाया गया है और उन्हें उनके परिवारों के हवाले कर दिया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इन 12 बच्चों की उम्र 12 से 17 साल के बीच है। पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) अमित गोयल ने बताया कि लापता बच्चों के परिवारों से शिकायत मिलने के बाद, व्यापक तलाशी अभियान शुरू करने के लिए पुलिस की कई टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों की गतिविधियों का पता लगाने के लिए सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई और सुराग जुटाने के लिए ऑटो-रिक्शा और बस स्टैंड पर उनकी तस्वीरें चिपकाई गईं।

# पूर्व क्रिकेटर कपिल देव ने किया पदमजीत सहरावत के काव्य संग्रह उड़ान का विमोचन

### जहां पैशन है, वहां स्ट्रगल की बात करना बेमानी है : कपिल देव


पुस्तक का विमोचन करतें कपिल देव व अन्य गणमान्य। (जगजीत सिंह)

नई दिल्ली, जनवरी : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और वर्ल्ड कप विजेता कपिल देव ने कहा कि जब कोई व्यक्ति अपने पैशन को प्रोफेशन बना लेता है तो वहां संघर्ष का सवाल खत्म हो जाता है, क्योंकि पैशन में स्ट्रगल नहीं, अपनी इच्छा और खुशी होती है। उन्होंने कहा कि दूसरों को इंप्रेस करने की बजाय पहले खुद को पहचानना जरूरी है, तभी कामयाबी आपके पास आएगी। कपिल देव मंगलवार को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में क्रिकेट कमेंटेटर और कवि पदमजीत सहरावत के काव्य संग्रह ह्यउड़ानह्व का विमोचन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पुस्तक में सहरावत की कुछ प्रेरणादायक कविताओं को संग्रहीत किया गया है। कपिल देव ने चुटकी लेते हुए कहा कि एक क्रिकेटर से बड़ा चोर कोई नहीं होता, वह रन चुराता है। लेकिन उसकी चोरी भी सकारात्मक है और जीवन के प्रति ऐसा ही सकारात्मक दृष्टिकोण पदमजीत सहरावत की कविताओं में देखने को मिलता है।

उन्होंने 'उड़ान' के माध्यम से जीवन जीने के नए, सुगम और प्रेरणादायक रास्ते दशार्ने का प्रयास किया है। अपने काव्य संग्रह की चर्चा करते हुए पदमजीत सहरावत ने कहा कि उन्होंने अपनी कविताओं के जरिये पाठकों को जीवन की विभिन्न परिस्थितियों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का मार्गदर्शन देने का प्रयास किया है।

## दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक दर्ज किया गया



**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को न्यूनतम तापमान 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.8 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में बादलों की गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। सुबह साढ़े आठ बजे आद्रता का स्तर 98 प्रतिशत दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 262 दर्ज किया गया जो खराब श्रेणी में आता है। आईएमडी के अनुसार, अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

## समाचार

## पंसारा बाजार स्थित शिव मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ हुआ

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** बुधवार को नगर में श्री राम मंदिर एवं प्राण प्रतिष्ठा की धूम रही इसी क्रम में श्री राम सेवा समिति द्वारा नगर के बाजार बजाज स्थित शिव मंदिर पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ तथा आरती का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता व सचिन गुप्ता सम्मिलित हुए, इस संबंध में व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता ने कहा कि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर एवं भगवान श्री राम की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वर्ष हम बड़े ही उत्साहपूर्वक मना रहे हैं तथा उन्होंने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से हर वर्ष इस पर्व को त्योहार के रूप में मनाने की अपील की, वही हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के बाद आरती की गई एवं प्रसाद भी वितरित किया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, लोकेश अग्रवाल, विजय पारछा, मुकुल अग्रवाल, राहुल शर्मा, जतिन गुर्जर, प्रखर अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, मनोज शर्मा, सोनू सैनी, पवन चौहान, राजन पाल, दामोदर शर्मा, अर्थ भटनागर, निमिष अग्रवाल, अतुल गुप्ता, दामोदर शर्मा व मंदिर के पुजारी पंडित विपिन शास्त्री भी मौजूद रहे।

## आशिकों के संग मिलकर पत्नी ने कराई थी पति की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** बुधवार को हसनपुर कोतवाली पुलिस द्वारा बीती 11 जनवरी को क्षेत्र के गांव करनपुर माफी के निकट सड़क किनारे मिले एक 40 वर्षीय व्यक्ति के शव का मौत के कारण का खुलासा कर दिया, पुलिस ने मृतक की पहचान खेतापुर जहांगीरपुर निवासी जगदीश के रूप में की तथा पुलिस ने अपनी जांच में पता लगाया कि मृतक की पत्नी बबीता का रिहान एवं शाहनवाज नाम के दो युवकों से अवैध संबंध थे, जिसका जगदीश को भी पता था वह इसका विरोध करता था तो आए दिन दोनों में झगड़ा होता था, पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि 11 जनवरी को सुबह 4 बजे बबीता ने अपने प्रेमी रिहान और शाहनवाज को घर बुलाया तथा अपने पति को दवाई लाने के बहाने उनके साथ भेज दिया इस दौरान आरोपियों ने जगदीश की हत्या कर दी और शव को सड़क किनारे फेंक दिया, इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी रिहान पुत्र उस्मान तथा शाहनवाज पुत्र सलामतुल्लाह निवासी पंजू सराय और मृतक की पत्नी बबीता को गिरफ्तार कर लिया गया है आरोपियों के पास से मोबाइल फोन भी मिले हैं तथा सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## भारतीय हिन्दू परिषद व गौ रक्षा दल के कार्यकताओं ने निकाली श्री राम शोभायात्रा।

**संवाददाता मंजीत शर्मा**



**पीलीभीत पूरनपुर।** भारतीय हिन्दू परिषद व गौ रक्षा दल के कार्यकताओं ने निकाली श्री राम शोभायात्रा, डीजे की धुन में झूमे राम भक्त,पुलिस प्रशासन रहा मौजूद, मल्लपुर से चलकर जमुनिया सहित दर्जनों गाँवों में घूमकर गोमती उद्धम पहुंची श्री राम शोभायात्रा। भारतीय हिन्दू परिषद के कार्यकताओं ने गोमती उद्धग्म स्थल पर पहुंचकर पूजा अर्चना की, श्री राम के जयकारों से गूँजा गोमती उद्धग्म, डीजे की धुन में झूमे राम भक्त।

## महाकुम्भ में भारतीय दर्शन और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र बना श्री आदि शंकर विमान मंडपम

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद शीर्ष उद्योगपति गौतम अदानी ने भी परिवार समेत किया दर्शन एवं पूजन



**महाकुम्भ नगर, 22 जनवरी।** प्रयागराज की पुण्य भूमि पर स्थित आदि शंकर विमान मंडपम मंदिर एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बन रहा है। मंदिर की आभा ऐसी है कि वो श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच ही लेती है। इसी आभा के आकर्षण में स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुछ समय पूर्व मंदिर में विग्रहों के दर्शनों के लिए आ चुके हैं। वहीं देश के शीर्ष उद्योगपति गौतम अदानी भी अपने परिवार सहित मंगलवार को यहां पहुंचे। गौतम अदानी के यहां आने के बाद एक बार फिर पूरे देश में आदि शंकर विमान मंडपम को लेकर श्रद्धालुओं में काफी रुचि देखी जा रही है।

**आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक**

प्रयागपुत्र के नाम से विख्यात राकेश शुक्ला ने बताया कि आदि शंकर विमान मंडपम, जो कुम्भ क्षेत्र में भारतीय दर्शन और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र है।मंगलवार को प्रमुख उद्योगपति गौतम अदानी ने यहां पूजा अर्चना की। मंदिर के मुख्य द्वार पर पूज्य स्वामी काशी मनी जी के मार्गदर्शन में 51 वैदिक ब्राह्मणों ने स्वस्ति वाचन के साथ उनका भव्य स्वागत किया। मंदिर प्रांगण में स्थित गीता प्रेस द्वारा निर्मित आरती संग्रह पगोडा पर उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ संवाद किया। यह आत्मीय वार्ता न केवल उनकी आध्यात्मिक आस्था को प्रकट करती है, बल्कि समाज के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता और जुड़ाव का परिचय भी देती है।

**शंकराचार्य स्वामी जयेंद्र सरस्वती ने कराया मंदिर निर्माण**

कांचिकामकोटि के 69वें पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी जयेंद्र सरस्वती ने अपने गुरु चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती की इच्छापूर्ति के लिए श्री आदि शंकर विमान मंडपम् का निर्माण कराया। गुरु चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती ने वर्ष 1934 में प्रयाग में चातुर्मास किया था। उन दिनों वो दारागंज के आश्रम में रुके थे। प्रतिदिन पैदल संगम स्नान को आते थे। उस दौरान बांध के पास उन्हें दो पीपल के वृक्षों के बीच खाली स्थान नजर आया। गुरु चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती ने धर्मशास्त्रों का अध्ययन किया और स्वयं के तपोबल से यह साबित किया कि इसी स्थान पर आदि शंकराचार्य और कुमारिल भट्ट के बीच संवाद हुआ था। इसी स्थान पर गुरु चंद्रशेखरेंद्र ने मंदिर बनाने की इच्छा व्यक्त की थी, जिसे शंकराचार्य स्वामी जयेंद्र सरस्वती ने पूर्ण किया।

## अयोध्या राम मंदिर प्रथम वर्षगांठ पर एक दिवसीय रामलीला का मंचन हुआ

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** बुधवार को नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर स्थित रामलीला मैदान में भगवान श्री राम जी के अयोध्या में राम मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर एक दिवसीय रामलीला का विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी एवं पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने फीता काटकर शुभारंभ किया, बता ते चले कि श्री शिव महामंडल रामलीला समिति हसनपुर द्वारा एक दिवसीय रामलीला का मंचन बाहर से आए कलाकारों द्वारा कराया गया, इससे पूर्व अयोध्या राम मंदिर वर्षगांठ पर भव्य हवन तथा भंडारे का भी आयोजन किया गया वही रामलीला का उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किए जाने के बाद सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भगवान श्री राम जी की लीला के दर्शन किए, रामलीला देर रात तक चली, तथा कलाकारों द्वारा भगवान श्री राम जी की जन्म से लेकर राजतिलक तक वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा भव्य एवं आकर्षक मनमोहक झांकियां सहित भगवान की लीला का मंचन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मयंक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, पवन राज जाटव, पंकज भटनागर, राकेश अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, वेद प्रकाश यादव मोहित अग्रवाल, आदेश अग्रवाल आदि सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के निदेर्शानुसार आज दिनांक 22-01-2025 को नटकादाना स्थित समाजवादी पार्टी पीलीभीत कार्यालय पर #स्वजनेश्वरमिश्रजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई गई...

### कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन सपा जिला अध्यक्ष श्री जगदेव सिंह जग्गा जी ने किया...

**संवाददाता मंजीत शर्मा**




**पीलीभीत।** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी,सपा जिला उपाध्यक्ष बालक राम सागर, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर,सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू,सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खां,सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी अकबर अहमद अंसारी,सपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट अमित पाठक,सपा अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला,सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार,सपा महिला सभा जिला महासचिव मीना दीक्षित,बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष एड.विनोद कुमार वर्मा,नरेश कुमार सागर,129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव,जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद मियां खां,दिनेश कुमार वर्मा,सपा जिला सचिव शरफुद्दीन नूरी,सदाकत अली,महेश कश्यप, जोवनप्रीत सिंह,मुश्ताक अहमद,शरद जायसवाल एडवोकेट, सैय्यद हैदर अली जाफरी एडवोकेट,मनप्रीत सिंह,आशीष कुमार एडवोकेट,गोविंद एडवोकेट,रोहिताश कुमार सिंह यादव,प्रेमप्रकाश,विजय वर्मा,मनोज कुमार आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे...!

## रेलवे ने रद्द कर दी आधा दर्जन से अधिक सवारी गाड़ी।

### पूरनपुर क्षेत्र की जनता को फिर एक बार डग्गामार वाहनों का सहरा लेना पड़ेगा।

**संवाददाता मंजीत शर्मा**




**पीलीभीत।** पूरनपुर क्षेत्र की जनता नई ट्रेन बढ़ाने की मांग कर रहे थी, लेकिन मैलानी से पीलीभीत के बीच दो ट्रेन रध कर दी गई। अब तक चार ट्रेनें चल रही थी उनमें भी दो ट्रेनें बंद हो रही है, क्षेत्र की जनता की फिर बढ़ गई बड़ी मुश्किलें। क्षेत्र की जनता को फिर एक बार डग्गा मार वाहनों का सहारा लेना पड़ेगा,कई सालों के बाद ट्रेनो का इंतजार खत्म हुआ था लेकिन ट्रेनों के रध होने से लोगों में निरासा देखने को मिलीं। पूरनपुर क्षेत्र की जनता ट्रेनों के बढ़ने का इंतजार कर रही थी लेकिन ट्रेनों के रध होने से लोगों की बढ़ रही मुश्किलें। गोरखपुर 21 जनवरी, 2025: रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की संरक्षा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हो रहे घने कोहरे के कारण 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक गाड़ियों का निरस्तीकरण निम्नवत किया जायेगा।

निरस्तीकरण--55316 पीलीभीत-बरेली सिटी सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी-55315 बरेली सिटी-पीलीभीत सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।

- 05447 पीलीभीत-शाहजहाँपुर सवारी विशेष गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।
- 05448 शाहजहाँपुर-पीलीभीत सवारी विशेष गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।
- 55353 पीलीभीत-शाहजहाँपुर सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।
- 55350 शाहजहाँपुर-पीलीभीत सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।
- 55308 कासगंज-काशीपुर सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।
- 55307 काशीपुर-कासगंज सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।
- 55357 पीलीभीत-मैलानी सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।
- 55360 मैलानी-पीलीभीत सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।
- 55361 पीलीभीत-मैलानी सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।
- 55362 मैलानी-पीलीभीत सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।
- 65304 रामनगर-मुरादाबाद सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।
- 65303 मुरादाबाद-रामनगर सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।
- 65308 काशीपुर-मुरादाबाद सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।
- 65307 मुरादाबाद-काशीपुर सवारी गाड़ी 23 जनवरी से 06 फरवरी, 2025 तक निरस्त रहेगी।

पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई है।

## श्रीरामलला के मंदिर में उमड़ा जनसैलाब, जयकारों से गूंजी अयोध्या



**अयोध्या, 22 जनवरी।** रामनगरी में बुधवार को फिर से श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह कोहरा व बेतहाशा ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। हर तरफ जय श्रीराम के जयकारे लगते रहे। मानो एक बार फिर से त्रेता युग लौट आया हो। श्रीराम चन्द्र के दर्शन के लिए श्रद्धालु देर शाम तक जन्मभूमि पथ पर कतारबद्ध दिखे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

भव्य मंदिर में 22 जनवरी 2024 में ही रामलला विराजमान हुए थे। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक बुधवार को राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं का रेला नजर आया। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 11 जनवरी को ही पहली वर्षगांठ मना चुका है। तीन दिन आयोजन भी हुए। उस दौरान भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंच रामलला का दर्शन किया था। अब जब बारी आई 22 जनवरी की तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी श्रद्धा निवेदित करने पहुंच गए। प्रदेश की योगी सरकार ने दर्शनार्थियों के लिए स्वच्छता व सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिये हैं। जिला प्रशासन मुस्तैदी के साथ जुटा दिखा।

**विभिन्न मठ मंदिरों में धूम, 41 दिन का अनुष्ठान शुरू**

राम मंदिर की पहली वर्षगांठ को देखते हुए मठ मंदिरों में भी धूम है। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई है। इसके अलावा दशरथ महल-कनक भवन समेत अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। उधर, मणिरामदास छावनी में सुबह रथयात्रा निकालने के बाद 41 दिवसीय अनुष्ठान का आगाज हो गया। इसमें सवा लाख से भी अधिक श्रीराम रक्षास्त्रोत का जाप होगा।

## कर्तव्य पथ पर दिखेगा 'महाकुम्भ'

### गणतंत्र दिवस परेड पर नई दिल्ली में निकलेगी झांकी



**लखनऊ/नई दिल्ली, 22 जनवरी:** गणतंत्र दिवस परेड पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकलने वाली झांकी इस बार 'महाकुम्भ' पर होगी। उत्तर प्रदेश की झांकी भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित "महाकुम्भ 2025-स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास को प्रदर्शित करेगी। यह झांकी प्रयागराज में पवित्र गंगा, अविरल यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर हो रहे महाकुम्भ के दिव्य स्वरूप को दर्शाएगी, जो पृथ्वी पर मानवता का सबसे बड़ा समागम है।

**देश-विदेश के श्रद्धालु करेंगे दीदार**

2025 का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन महाकुम्भ अध्यात्म, धरोहर, विकास और डिजिटल प्रगति का संगम है। इस झांकी के केंद्र में भी यही है। ट्रैक्टर के आगे 'अमृत कलश' की आगे झुकी हुई भव्य प्रतिकृति दर्शाई गई है, जिससे अमृतधारा प्रवाहित हो रही है। साथ ही शंखनाद, आचमन और साधना करते साधु-संत और संगम में डुबकी लगाते श्रद्धालु महाकुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा को जीवंत कर रहे हैं। योगी सरकार के नेतृत्व में हो रहे अभूतपूर्व आयोजन का दीदार देश-विदेश से आए आगंतुक भी करेंगे।

**समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से भी अवगत होंगे आगंतुक**

ट्रेलर के पैनल पर अमृत (शाही) स्नान के लिए जाते अखाड़ों और श्रद्धालुओं को म्यूरल एवं एलईडी स्क्रीन के द्वारा दशार्या जाएगा। ट्रेलर के प्लेटफार्म पर समुद्र मंथन की पौराणिक कथा को चित्रित किया जाएगा, जो महाकुम्भ के महत्व और इसकी ऐतिहासिकता को रेखांकित करती है। इसके पिछले हिस्से में समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों को दशार्या गया है। इसमें हलाहल विष, कामधेनु, उच्चैश्रवा घोड़ा, ऐरावत हाथी, कौस्तुभ मणि, कल्पद्रुम, रंभा अप्सरा, लक्ष्मी, वारुणी, चंद्रमा, पारिजात वृक्ष, शंख, धन्वंतरि, अमृत शामिल हैं।

## उत्तर प्रदेश व देश के विकास में पर्वतीय समाज की बड़ी भूमिका: सीएम योगी




**लखनऊ, 22 जनवरी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश व देश के विकास में पर्वतीय समाज की बड़ी भूमिका है। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पं. गोविंद वल्लभ पंत उत्तराखंड में पैदा हुए थे। वे देश के गृह मंत्री बने और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित भी किया गया। स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वे भी उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश में आए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री के रूप में सेवा की। नारायण दत्त तिवारी भी उत्तराखंड की देन हैं, जिन्होंने यूपी व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में विकास का विजन दिया था। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत, द्वितीय सीडीएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी उत्तराखंड की देन हैं। ऐसी अनेक विभूतियों और देश की सुरक्षा के लिए जवानी लगाने वाले अनेक बहादुर नौजवान भी उत्तराखंड की देन हैं। मुख्यमंत्री ने यह बातें पर्वतीय महापरिषद की तरफ से आयोजित उत्तरायणी कौथिग 2025 मेले के समापन समारोह में कहीं। सीएम ने कहा कि इस कार्यक्रम में आकर मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं। अपनी परंपरा व संस्कृति को बनाए रखने के लिए उन्होंने पर्वतीय महापरिषद को साधुवाद दिया।

**सम-विषम परिस्थितियों में भी उल्लास से आयोजित होता है पर्व**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ, बरेली, गाजियाबाद, मेरठ व अन्य क्षेत्रों में निवास करने वाले लोग सम-विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए भी अपने विरासत और पर्व को उल्लास से आयोजित करते हैं। पर्वतीय महापरिषद पिछले दो दशक से अधिक से यह कार्यक्रम कर रही है। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अनेक प्रतियोगिताएं भी होती हैं।

## मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा मुख्यमंत्री योगी ने की लोक कल्याण की कामना




**महाकुम्भ नगर, 22 जनवरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के साथ तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी के संगम में पावन डुबकी लगाकर समूचे विश्व के कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने संगम स्नान को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह स्नान आत्मिक शांति, धार्मिक समर्पण और समाज कल्याण का संदेश देता है। त्रिवेणी संगम का स्नान केवल व्यक्तिगत शुद्धि नहीं, बल्कि समग्र लोक कल्याण का आह्वान है। महाकुम्भ 2025 के इस दिव्य आयोजन में दुनिया भर से करोड़ों श्रद्धालु आ रहे हैं और संगम में पावन डुबकी लगा रहे हैं. यह स्नान धर्म, संस्कृति और आस्था का संदेश देता है। यह न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि लोक कल्याण और आत्मशुद्धि का पवित्र आह्वान भी है। महाकुम्भ भारतीय संस्कृति की दिव्यता और सार्वभौमिकता का प्रतीक है। संगम स्नान से जनमानस को यह संदेश मिलता है कि धर्म और संस्कृति की शक्ति से जीवन में शुद्धता और समृद्धि लाई जा सकती है।

**संगम में उतरी पूरी सरकार**

त्रिवेणी संगम वह पवित्र स्थल है, जहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का मिलन होता है। इसे मोक्ष प्राप्ति और आत्मा की शुद्धि का केंद्र माना जाता है। शास्त्रों में संगम स्नान को सभी पापों से मुक्त करने और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग बताया गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने सबसे पहले अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात, मोटरबोट के माध्यम से संगम पहुंचकर विधिवत मंत्रोच्चार और हवन के साथ स्नान संपन्न किया। मुख्यमंत्री के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह,कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्रियों और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्रियों ने विधिवत संगम में स्नान और पूजन किया।

## श्री राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर जगह-जगह हुए भंडारे, आतिशबाजी भी हुई




**लोक तंत्र की शान, प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** बुधवार को नगर में विभिन्न मंदिरों एवं घरों पर अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण की प्रथम वर्षगांठ एवं प्रभु श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष मे विभिन्न स्थानों पर भंडारे एवं हवन कीर्तन का आयोजन किया गया नगर के राजपूत कॉलोनी में भंडारे का आयोजन किया गया तथा मोहल्ला कायस्थान स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया, वही यादव सराय स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर पर हवन कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन हुआ, उधर नगर के नवयुवक मार्केट के नजदीक स्थित मंदिर पर भजन कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया तथा इसी प्रकार क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों एवं सनातन धर्म प्रेमियों के घरों पर हवन कीर्तन का आयोजन हुआ वहीं सनातन धर्म के लोगों द्वारा भगवान श्री राम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने घरों पर दीप प्रज्वित किए गए तथा घरों को दीपावली की तरह सजाया गया तथा श्रद्धालुओं ने जमकर आतिशबाजी भी की तथा घरों पर प्रतिष्ठानों पर धर्म ध्वजा फहराई गई।

# वर्ष 2025-26 में सैनिक स्कूल में कक्षा छठी व 9 वीं के दाखिले के लिए आज आवेदन का अंतिम दिन

करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** देश व प्रदेश के विभिन्न सैनिक स्कूलों में अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (एआईएसएसईई) 2025 के माध्यम से वर्ष 2025-2026 के लिए कक्षा छठी व कक्षा नौवीं में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एग्जाम डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट आईएन/ एआईएसएसईई/ पर 23 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा ओएमआर शीट पर बहुविकल्पीय प्रश्नावली के रूप में होगी। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि कक्षा छठी में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि एक अप्रैल, 2013 तथा 31 मार्च, 2015 (दोनों तिथियां मान्य) तथा कक्षा नौवीं में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि एक अप्रैल, 2010 तथा 31 मार्च, 2012 (दोनों तिथियां मान्य) के बीच होनी चाहिए। कक्षा छठी व 9वीं में



दाखिले अनुमानित सीटों पर होंगे हैं, जोकि कभी भी घटाए या बढ़ाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 67 प्रतिशत सीटें हरियाणा के बच्चों के लिए तथा 33 प्रतिशत सीटें अन्य राज्यों के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि छठी कक्षा में प्रवेश के लिए गणित, सामान्य ज्ञान (विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन), भाषा और बुद्धि परीक्षण (इंटेलिजेंस) विषयों से संबंधित 125 प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा कुल 300 अंकों की होगी और इसकी समयावधि 150 मिनट होगी। इसी तरह 9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए गणित, अंग्रेजी, बुद्धि परीक्षण (इंटेलिजेंस), सामान्य विज्ञान और सामाजिक अध्ययन विषयों से संबंधित 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। यह परीक्षा कुल 400 अंकों की होगी और इसकी समयावधि 180 मिनट होगी। अभ्यर्थी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एग्जाम डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट आईएन/ एआईएसएसईई/ पर 23 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है।

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक रात्रि ठहराव के दौरान गांव शेरगढ़ टापू पहुंचे।

## लोगों की समस्याओं का किया निराकरण।

करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत कुंजपुरा ब्लाक के गांव शेरगढ़ टापू में पहुंच कर लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। उपायुक्त के समक्ष रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखी उपायुक्त ने जिन पर गंभीरता से संज्ञान लिया और भरोसा दिलाया कि आप लोगों की एक-एक समस्या का निराकरण किया जाएगा। गांव के कुछ किसानों ने कहा कि यूपी से बॉर्डर लगने की वजह से पोर्टल पर फसल का पंजीकरण नहीं होता। इस पर उपायुक्त ने कहा कि यूपी की जमीन को अगर यहां का किसान काश्त करता है तो उसका पंजीकरण पटवारी की वेरिफिकेशन के बाद करवाया जाएगा। गांव के तालाब का सौंदर्यकरण करवाया जाएगा इसके लिए गांव वासी उसके



आस पास बने अवैध कब्जे हटाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कोई व्यक्ति अवैध कब्जे नहीं हटाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त ने लोगों से पूछा कि परिवार पहचान पत्र को लेकर कोई दिक्कत तो नहीं है। इस पर गांव के एक दो व्यक्ति ने ही अपना हाथ खड़ा किया और बताया कि फैमिली आईडी अलग बनाने में दिक्कत आती है। इस उपायुक्त ने कहा कि ऐसे मामलों के समाधान के लिए सरकार को लिखा जाएगा। यूपी से शेरगढ़ टापू से घीड़ को जाने वाली सडक पर जाम की स्थिति रहती है, इसके समाधान के लिए उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को समस्या के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने लाल डोरे की जमीन के बारे बीडीपीओ को निर्देश दिए कि जिनके प्रॉपर्टी कार्ड बन गए है उनको वितरित किए जाए। उन्होंने बताया कि लाल डोरे की जमीन की रजिस्ट्री करवाने की जरूरत न पड़े, इस पर सरकार जल्द फैसला लेने वाली है। इसी प्रकार से श्मशान घाट की समस्या के ?

# 76 वें गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर

करनाल सुखविंदर सोही



**करनाल।** 76 वें गणतंत्र दिवस को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए जिला प्रशासन की तैयारियां जोरों पर है। बुधवार को स्थानीय पुलिस लाइन में रिहर्सल का आयोजन किया गया, जिसमे पुलिस, होमगार्ड तथा पीटी शै के बच्चों ने जमकर अभ्यास किया। रिहर्सल के दौरान प्रथम व महिला पुलिस की टुकड़ी का नेतृत्व पीएसआई ज्योति छोक्कर, हरियाणा पुलिस की दूसरी टुकड़ी का नेतृत्व पीएसआई विपिन्न तथा तीसरी व होमगार्ड की टुकड़ी का नेतृत्व एसआई शमशेर ने किया। यह अभ्यास हरियाणा पुलिस के सीडीआई सब-इंस्पेक्टर बिजेंद्र कुमार के मार्गदर्शन मे सम्पन्न हुआ। बतां दे कि 76 वें गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में सम्पूर्ण परेड का नेतृत्व आईपीएस अधिकारी (एएसपी) हर्षित गोयल करेंगे। इस दौरान विभिन्न विभिन्न राजकीय स्कूलों के लगभग 1200 बच्चों ने पीटी शो की रिहर्सल की। डंबल व लेजियम के बच्चों ने भी जमकर अभ्यास किया। कनिका पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सूर्य नमस्कार की प्रस्तुति दी। इस मौके पर डीपीई बलवंत सिंह ने बताया कि वीरवार को पुनः रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, प्रकाश पब्लिक स्कूल, दून इंटरनेशनल स्कूल और जिम्नास्टिक वर्ल्ड अकादमी के बच्चे देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विभिन्न राजकीय स्कूलों की छात्राएं हरियाणवी नृत्य की रिहर्सल करेंगे। इस मौके पर शिक्षा विभाग से एईओ संगीता, अविनाश भारद्वाज, डीपीई रोशन लाल, विजय पाल तथा हरजिंद्र सिंह उपस्थित रहें।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत आमजन को किया जागरूक

करनाल सुखविंदर सोही



**करनाल।** नेहरू युवा केंद्र करनाल के द्वारा 17 से 23 जनवरी तक आयोजित किए जा रहे सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज नेहरू युवा केंद्र करनाल एवं माय भारत के युवा स्वयंसेवकों ने करनाल शहर में आईटीआई चौक, निर्मल कुटिया चौक व कुंजपुरा रोड पर जाकर यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाकर जन जागृति का संदेश दिया। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी रेणु रानी ने बताया कि यातायात पुलिस के सहयोग से युवाओं ने आज शहर के विभिन्न चौराहों व मार्गों पर जाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए सडक सुरक्षा के नियमों की पालना करने, दो पहिए वाहन चलाते हुए हेमलेट का उपयोग करने, कार चलाते समय शीट बेल्ट का उपयोग करने, यातायात संकेतों का ध्यान रखते हुए वाहन चलाने की जानकारी देकर जागरूक किया। युवाओं ने बताया कि हम सुरक्षित तो पूरा परिवार सुरक्षित इस मानसिकता के साथ वाहन चलाकर सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचे। जागरूकता अभियान में 18 वर्ष पूर्व बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, घायलों की सदैव मदद करने, इमरजेंसी वाहनों को रास्ता देने, यातायात सिंग्नल तथा संकेत का पालन करने, वाहनों क पीछे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगवाने के साथ -साथ सदैव यातायात नियमों का पालन करने के लिए जन जागरूक किया।

# समाधान शिविर में शिकायतों का मौके पर ही निपटारा

करनाल सुखविंदर सोही

**हरियाणा।** सरकार के निदेर्शानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में 5 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं 2 शिकायतें लंबित है। वहीं घरौंडा इंद्री,नीलोखेड़ी,असंध उपमंडल में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

# राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में बाल विवाह के खिलाफ आवाज कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की

करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को स्थानीय प्रेम नगर स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में बाल विवाह के खिलाफ आवाज कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। यहां पहुंचने पर प्रधानाचार्य संदीप कौर, सीडीपीओ राज बाला मोर, बाल विवाह निषेध अधिकारी भानू गौड, पीओआईसी सुमन नैन व संरक्षण अधिकारी पूनम श्योराण व विद्यालय के अध्यापकों ने



उनका स्वागत किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने विद्यार्थियों को कैम्पेन बाल विवाह के खिलाफ आवाज के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी और बाल विवाह रोकने हेतु प्रयासरत रहने का आग्रह किया। इसके अलावा विद्यार्थियों में बाल विवाह विषय पर पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, कविता लेखन व भाषण प्रतियोगिताए की गई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी इरम हसन ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व विजेताओं को बाल कल्याण विभाग के सौजन्य से ईनाम प्रदान किए गए। संरक्षण अधिकारी पूनम श्योराण से महिला एवं बाल विकास द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा पोक्सो एक्ट बारे जानकारी दी। बाल विवाह निषेध अधिकारी भानू गौड़ ने विद्यार्थियों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ व बाल विव?

# माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में शुरू की योग कक्षा

## केंद्र के बच्चों को योग प्रशिक्षक ने करवाया सूर्य नमस्कार

करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र करनाल में सांयकालीन योगा क्लास में केंद्र के बच्चों को योग प्रशिक्षक श्रीमती रीटा द्वारा सूर्य नमस्कार कराया गया। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार का शाब्दिक अर्थ सूर्य को अर्पण या नमस्कार करना है। शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे उत्तम



तरीका केवल सूर्य नमस्कार है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार में कुल 12 चरण होते हैं जिनका नियमित अभ्यास करने से शरीर व मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। इसे करने से शरीर में लचीलापन व मांसपेशियां मजबूत होती हैं। सूर्य नमस्कार करने से शरीर की कई प्रकार की बीमारियां दूर होती हैं इसलिए हर व्यक्ति को सूर्य नमस्कार अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर केंद्र के सहायक निदेशक श्री दिनेश सिंह जी ने बताया कि केंद्र के छात्रों का बेहतर शारीरिक व बौद्धिक विकास हो सके इसके लिए हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण समिति की माननीय चेयरपर्सन श्रीमती मेघा भंडारी जी ने आयुष विभाग हरियाणा के सहयोग से केंद्र में योग कक्षा शुरू कराई गई है। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र की बालिकाओं के बहुमुखी विकास तथा रोजगार के लिए ब्यूटीशियन का कोर्स भी शुरू कराया गया है। इस अवसर पर श्री विनोद कुमार, श्री सुनील कुमार, श्री भुवनेश कुमार, श्री विजय कुमार, श्रीमती सुमन लता एवं श्रीमती आसमा कौसर सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# घरौंडा में स्कूल भवन का उद्घाटन विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें- हरविंद्र

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए भी किया प्रेरित

करनाल सुखविंदर सोही

**हरियाणा।** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण कहा है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई पर फोकस करने के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए। उन्हें अपनी सोच को भी स्मार्ट बनाना होगा। श्री कल्याण आज घरौंडा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कूल भवन के नए ब्लॉक का उद्घाटन करने के बाद विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत दो मंजिला नए ब्लॉक में 14 कमरे, छात्रों और छात्राओं के लिए 6-6 शौचालयों का निर्माण किया गया है। दो शौचालय दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए बनाए गए हैं। नए भवन पर एक करोड़ 95 लाख से अधिक की राशि खर्च की गई है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि




घरौंडा हल्का के विद्यार्थियों और शिक्षकों में पर्याप्त टैलेंट है। जब वे जीटी रोड से गुजरते हैं तो विकसित होते घरौंडा को देखकर खुशी होती है। यहां के विद्यार्थी स्मार्ट क्लास में नई प्रौद्योगिकी के माध्यम से ज्ञान में इजाफा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में ज्ञान की कमी नहीं है। एक समय था जब नालंदा यूनिवर्सिटी के माध्यम से ज्ञान का विस्तार पूरे विश्व में होता था लेकिन मुगल और अंग्रेजी शासन में यहां की संस्कृति को नष्ट करने और धन दौलत को लूटने का प्रयास किया गया। नालंदा यूनिवर्सिटी को भी आग लगा दी गई। वहां का पुस्तकालय और साहित्य रिकॉर्ड इतना विशाल था कि उसे जलने में ही 6 महीने लग गए। खामोश गौरवशाली देश के नागरिक हैं जिसकी संस्कृति और साहित्य समृद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि आज विद्यार्थी स्मार्ट क्लास और नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर ज्ञान को बढ़ा रहे हैं।

# ई-ऑफिस के प्रयोग से कार्य में आएगी तीव्रता और होगी समय की बचतः एडीसी यश जालुका

करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने कहा कि ई ऑफिस समय की बचत के लिए सही माध्यम है। सरकार के निदेर्शों के अनुसार सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का ई-ऑफिस पर अकाउंट बना हुआ है और सभी को कार्यालय से संबंधित सभी कार्य और फाइलों का आदान-प्रदान ई-ऑफिस से करने निर्देश भी सरकार द्वारा जारी किए गए है। सभी विभागों को ई ऑफिस प्रणाली का प्रयोग सुनिश्चित करना है। एडीसी बुधवार को स्थानीय डॉ मंगलसेन सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को ई ऑफिस प्रशिक्षण के दौरान संबोधित कर रहे थे। एडीसी ने कहा कि ई-ऑफिस सरकार का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इसकी समय-समय पर समीक्षा भी की जाती है। ई-ऑफिस का प्रयोग कार्यालयों के कार्य को सरल करता है और इससे समय भी बचता है। ई-ऑफिस से कार्यप्रणाली में सुधार



भी आता है। ई-ऑफिस का मतलब है इलेक्ट्रॉनिक ऑफिस। यह एक डिजिटल कार्यस्थल समाधान है। इसमें कंप्यूटर-आधारित सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके कार्यालय के काम किए जाते हैं। ई-ऑफिस का मकसद कागजों का इस्तेमाल कम करना और कार्यालय के कामों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में करना होता है। ई-ऑफिस से कार्यालय के कामों में पारदर्शिता बढ़ती है। इससे जवाबदेही बढ़ती है और निर्णय लेने की गति में तेजी आती है। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी दैनिक आधार पर ई-ऑफिस का प्रयोग करें और सभी फाइलों को ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजें। जिला स्तर के कार्यालयों की समीक्षा के दौरान ई-ऑफिस की प्रगति रिपोर्ट बेहतर, इसके लिए सभी कार्यालयों में फाइल का आदान-प्रदान ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित करे। यह भी सुनिश्चित करें कि ई-ऑफिस पर भेजी जाने वाली फाइलों का समय पर निपटारा भी हो। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सरकार के द?

# स्काडा परियोजना का कार्य प्रगति पर, मार्च 2025 में होगी मुकम्मल- डॉ. वैशाली शर्मा, नगर निगम आयुक्त।

## सुदृढ़ होगी पेयजल व्यवस्था, ऑटोमेटिक सिस्टम से ऑन-ऑफ होंगे नलकूप, बूस्टर स्टेशन व ओवर हैड रिजरवायर, आई.सी.सी.सी. से होगी निगरानी एवं नियंत्रण।

करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** शहर में स्काडा परियोजना का कार्य प्रगति पर चल रहा है, अब तक इसका 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। यह परियोजना मार्च 2025 में मुकम्मल होगी। अनुमानित साढे 38 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण परियोजना स्काडा से शहर की पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होगी। नलकूप, बूस्टर स्टेशन व ओवर हैड रिजरवायर ऑटोमेटिक सिस्टम से ऑन-ऑफ होंगे। बुधवार को यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति के नेटवर्क के तहत शहर में अलग-अलग लोकेशन पर 182 नलकूप, 3 बूस्टर स्टेशन तथा 4 ओवरहैड टैंक स्थापित हैं। योकोगावा इंडिया लिमिटेड एजेंसी इन सभी पर स्काडा के उपकरण स्थापित करने का काम कर रही है। इसके साथ-साथ इनके कनैक्शन भी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्काडा प्रोजेक्ट को एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई.सी.सी.-सी.) से जोड़ा जा रहा है, जहां से रियल टाईम डाटा एकत्र होगा। उपकरणों की निगरानी और उन पर नियंत्रण होगा। कार्य मुकम्मल होने के बाद पांच वर्ष तक एजेंसी द्वारा ही सभी उपकरणों का संचालन एवं रख-रखाव भी किया जाएगा। यह हुए कार्य-निगमायुक्त ने बताया कि स्काडा परियोजना के अंतर्गत नलकूप, बूस्टर स्टेशन तथा ओवरहैड टैंक पर विभिन्न प्रकार के उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 135 नलकूपों, मॉडल टाऊन स्थित बूस्टर स्टेशन तथा राम नगर, पुरानी अनाज मंडी व जुण्डला गेट स्थित ओवरहैड टैंक पर स्काडा के तहत लगाए जाने वाले सभी प्रकार के उपकरण स्थापित किए जा चुके हैं। कर्ण स्टेडियम परिसर स्थ?

# पढाई भी पोषण भी विषय पर त्रिदिवसीय ट्रेनिंग संपन्न

करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** महिला एवं बाल विकास विभाग नीलोखेड़ी द्वारा आयोजित "पोषण भी पढ़ाई भी" विषय पर तीन दिवसीय ट्रेनिंग का समापन आज हुआ। प्रशिक्षण के तीसरे दिन बच्चों में विकलांगता की शीघ्र पहचान करना तथा इसका निदान सिखाया गया। आंगनवाड़ी वर्कर्स को गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों की गृह भेंट करना तथा उनकी देखभाल करने का प्रशिक्षण दिया गया । ट्रेनिंग में बताया गया की बहुत सी विकलांगताओ को अगर सही समय पर पहचान लिया जाय तो इन्हें घर पर भी उचित वातावरण दे कर सुधारा जा सकता है। इसी के साथ वर्करों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक तथा मानसिक मूल्यांकन उपकरणों तथा तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का सफल समापन 90 आंगनवाड़ी वर्करों को प्रशिक्षित करने के साथ हुआ । प्रशिक्षण में मुख्य भूमिका डीपीओ सीमा प्रसाद तथा सीडीपीओ नीलोखेड़ी डॉ. राजबाला जी की रही ।पढाई भी पोषण भी विषय पर तीन दिवसीय ट्रेनिंग संपन्न करनाल, 22 जनवरी।महिला एवं बाल विकास विभाग नीलोखेड़ी द्वारा आयोजित "पोषण भी पढ़ाई भी" विषय पर तीन दिवसीय ट्रेनिंग का समापन आज हुआ । प्रशिक्षण के तीसरे दिन बच्चों में विकलांगता की शीघ्र पहचान करना तथा इसका




निदान सिखाया गया । आंगनवाड़ी वर्कर्स को गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों की गृह भेंट करना तथा उनकी देखभाल करने का प्रशिक्षण दिया गया । ट्रेनिंग में बताया गया की बहुत सी विकलांगताओ को अगर सही समय पर पहचान लिया जाय तो इन्हें घर पर भी उचित वातावरण दे कर सुधारा जा सकता है । इसी के साथ वर्करों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक तथा मानसिक मूल्यांकन उपकरणों तथा तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का सफल समापन 90 आंगनवाड़ी वर्करों को प्रशिक्षित करने के साथ हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य भूमिका डीपीओ सीमा प्रसाद तथा सी

## संक्षिप्त समाचार

### समीक्षा समिति की बैठक आज

**मैनपुरी।** अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज 22 जनवरी को अपरान्ह 4.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी।

### सुंदरकांड का होगा आयोजन

**फिरोजाबाद।** पीपल वाले महादेव रामलीला मंदिर लेबर कॉलोनी के महंत रमेश आनंद गिरि की सूचनानुसार श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मंदिर पर 22 जनवरी दिन बुधवार दोपहर 2 बजे से प्रभु इच्छा तक संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन होगा। इस शिशिर ऋतु की पवन संध्या में दीपोत्सव का भी मंदिर पर आयोजन होगा। तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं से निवेदन है कि श्री रामलला के पावन पर्व की इस बेला पर मंदिर पर आकर सुंदरकांड का श्रवण करें तथा सायं काल अपने-अपने घर पर भी दीपो उत्सव करें। मंदिर पर पांच-पांच दिए प्रज्वलित कर दीप दान करे।

### किसानों के नाम व गाटा संख्या में विसंगति ठीक करने का लगेंगे शिविर



किसानों को शिविर के बारे में बताते एसडीएम व तहसीलदार।

**टूंडला।** फार्मर रजिस्ट्री कृषि सम्मान निधि जैसी योजनाओं में कृषकों के नाम में आ रही विसंगति को देखते हुए तहसील में 24 जनवरी को विशाल शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मंगलवार को एसडीएम गजेन्द्र पाल सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि सभी लेखपाल, कानूनगो और अन्य अधिकारी तहसील सभागार में उपस्थित रहकर खातेदारों के नाम और उनके गाटा खाते में आ रही विसंगति को दूर करेंगे। इसके लिए सभी किसान एक प्रार्थना पत्र के साथ जरूरी दस्तावेज लेकर तहसील में उपस्थित हों। इन दस्तावेजों में बैनामा की कॉपी परिवार रजिस्टर की नकल, खातेदारों द्वारा सहमति, आधार पैन वोटर आईडी की कॉपी, दसवीं की मार्कशीट आदि दस्तावेज जैसा की आवश्यक हैं। शिविर सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक लगेगा।

# एनडी कॉलेज प्रबंध समिति के प्रबंधक समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

## कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर मृत व्यक्ति के फर्जी हस्ताक्षर कर सूची में कराया संशोधन

■ शिकोहाबाद

■ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर पूरे मामले की की जांच शुरू

कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर मृत व्यक्ति के फर्जी हस्ताक्षर करके प्रबंध समिति एवं नियमावली संसोधन सूची पंजीकृत कराने के लिए फर्म्स एवं सोसाइटी एवं चिटस आगरा को भेजने के मामले में न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला गढ़ैया निवासी विकास दुबे ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उसने कहा है कि एनएवी स्कूल एसोसिएशन वर्ष 1983 से उप निबंधक फर्म्स सोसाइटीज चिटस आगरा के कार्यालय में पंजीकृत है। इसकी प्रबंध समति एवं नियमावली संशोधन सूची को पंजीकृत कराने के लिए नारायण एंग्लो वर्नाकुलर स्कूल एसोसिएशन शिकोहाबाद की प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉ. एलसी मेहरा निवासी मुहल्ला खतराना, निर्दोष प्रताप सिंह निवासी भगवानपुरम आगरा गेट एवं विनोद कुमार चतुर्वेदी निवासी कटरा बाजार ने स्वयं लाभ प्राप्त करने के लिए आगरा में जमा की है।

आरोप है कि आरके माहेश्वरी निवासी बड़ा बाजार की मृत्यु 23 अगस्त 2024 को हो चुकी है। इनके नाम से 24 अगस्त को स्टाम्प पेपर खरीदा गया है। 29 अगस्त को नोटरी हुई है। इतना ही नहीं मृतक व्यक्ति के फर्जी हस्ताक्षर भी किये गए हैं। यह पूरा कारनामा एनएवी स्कूल एसोसिएशन पर अपना एकाधिकार करने के लिए किया गया है। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर नारायण डिग्री कॉलेज प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉ.एलसी मेहरा सहित तीन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में दोषी पाये जाने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।



गोवंश को गाड़ी में ले जाते पालिका कर्मी।

# नगरवासियों को चोटिल करने वाले गौवंश को गौसेवकों ने पहुंचाया गोशाला

**टूंडला।** नगर के सब्जी मंडी में एक निराश्रित गोवंश ने कई दिनों में कई महिला पुरुषों को मारकर कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। मामले का संज्ञान लेते हुए निराश्रित गौवंश नंदी को गौसेवकों ने पकड़वाकर कर वृहद गौशाला मदावली भिजवा दिया है।

इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां व रामतीर्थ चक ने बताया कि नगर के सब्जी मंडी के दुकानदारों द्वारा संगठन को सूचना दी कि निराश्रित नंदी बहुत ही खतरनाक है और उसके द्वारा कई लोगों को मार कर घायल कर दिया गया है।

इस पर नगर पालिका कर्मचारियों और पशु चिकित्सक को बुला कर सकुशल उक्त नंदी को गौशाला भिजवाया दिया गया है।

# रोडवेज डिपो में हुआ चालक और परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण

■ शिकोहाबाद




रोडवेज बस स्टैंड पर चालक-परिचालक का परीक्षण करते डॉ.दीपक तिवारी और डॉ. शाहिद अली

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत मंगलवार को रोडवेज बस स्टैंड पर चालक-परिचालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला संयुक्त चिकित्सालय के नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. दीपक तिवारी और डॉ. शाहिद अली ने चालक-परिचालकों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही नेत्र परीक्षण किया।सड़क सुरक्षा अभियान के तहत चालक-परिचालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण के लिए परिवहन विभाग की तरफ से एक शिविर का आयोजन कराया गया। जिससे चालक एवं परिचालकों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकें और सड़क पर होने वाली घटनाओं में कमी लाई जा सके। परीक्षण के दौरान रोडवेज डिपो के 52 चालक-परिचालकों ने पहले दिन परीक्षण कराया। इसमें 10 चालक-परिचालकों को बीपी की शिकायत मिली। डॉ. शाहिद अली ने उन्हें बीपी की दवा लेने की सलाह दी। वहीं 39 चालक-परिचालक की उम्र के हिसाब से नजर कम मिली। जिन्हें चश्मा लगाने तथा दवा के लिए सलाह दी गई। दो कर्मचारियों को मोतियाबिंद की शिकायत मिली, जिन्हें नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. दीपक तिवारी ने तत्काल ऑपरेशन कराने के लिए कहा। डॉ. तिवारी ने बताया कि चालक-परिचालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण के लिए समय पर शिविर लगाये जाते रहे हैं और आगे भी लगाया जायेगा।

# पारिवारिक विवाद में बच्चों सहित सड़क पर बैठा परिवार

■ फिरोजाबाद

मकान के बंटवारे को लेकर परिवार के ही दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने घर में घुसकर तोड़फोड़ करने के साथ ही सामान को सड़क पर फेंक दिया और परिजनों को घर से बाहर निकाल दिया। परिजन परिवार सहित सड़क पर बैठ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर उन्हें सड़क से उठाया है।

थाना उत्तर क्षेत्र के दुली मोहल्ले में मकान के बंटवारे को लेकर दुष्यंत तिवारी और उनके परिजन हरीशंकर तिवारी पक्ष के बीच विवाद हो गया। दुष्यंत पक्ष का कहना है कि मकान के बंटवारे को लेकर मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बाद भी दूसरे पक्ष के लोग पुलिस के साथ उनके घर में घुस आए और सामान सड़क पर फेंक दिया। इतना ही नहीं तोड़फोड़ भी कर दी। उन्होंने महिलाओं के कपड़े फाड़ने का भी आरोप लगाया है। दुष्यंत अपने परिजनों को साथ लेकर सड़क पर बैठ गए। इससे जाम लग गया। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया है। इंस्पेक्टर थाना उत्तर राजेश पांडे का कहना है कि मकान के बंटवारे को लेकर आपसी विवाद है। कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील दोनों पक्षों से की गई है। कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एक पक्ष कोर्ट में मामला विचाराधीन होने की बात कह रहा है। कोर्ट के आदेश की प्रति को भी देखा जाएगा। जो भी विधिक कार्रवाई होगी वह इस मामले में की जाएगी।

# गुरू गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर निकली विशाल कीर्तन यात्रा

■ फिरोजाबाद




कीर्तन यात्रा में साथ चलते नगर विधायक मनीष असीजा एवं सिक्ख समाज के लोग

सिखों के दसवें गुरू गुरू गोविंद सिंह के 358 वें प्रकाशोत्सव पर्व के अवसर पर समूह साध संगत द्वारा स्टेशन रोड स्थित गुरूदारे से विशाल नगर कीर्तन यात्रा धूमधाम से निकाली गई। कीर्तन यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

मंगलवार को प्रातः स्टेशन रोड स्थित गुरूदारें से एक विशाल कीर्तन यात्रा का शुभारम्भ नगर विधायक मनीष असीजा ने हरी झंडी दिखाकर किया। कीर्तन यात्रा गुरूदारा गुरू सिंह सभा स्टेशन रोड से प्रारम्भ हुई, जो कि गांधी पार्क चौराहा, बस स्टेंड, छदामीलाल जैन मंदिर, एसपी सिटी आफिस सर्विस रोड, आर्यनगर, गांधी नगर चौराहा, जलेसर रोड, सिनेमा चौराहा, रानीवाला मार्केट होते हुए स्टेशन रोड स्थित गुरूदारा गुरू सिंह सभा स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई।

कीर्तन यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ। कीर्तन यात्रा में संत सिपाही रणजीत अखाडा की गदका पार्टी मार्शल आर्ट एवं सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी आगरा तलवारी बाजी का प्रदर्शन कर चल रहे थे। गुरूनानक इंटर कॉलेज टूंडला के बच्चे, फिरोजाबाद की समूह साध संगत का जत्था भी कीर्तन यात्रा में साथ चल रहा था। कीर्तन यात्रा में चरनजीत सिंह सलूजा, हरवंश सिंह मल्होत्रा, चरनजीत बग्गा, बंटी मल्होत्रा, कुलजीत सिंह बग्गा, बलबंत सिंह बग्गा, अन्नू बग्गा, अमन बग्गा, सोनू बग्गा, राजू मल्होत्रा, गगनदीप मल्होत्रा, टीकू मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

# जनपद में 36 ग्राम प्रहरी की तैनाती को मिली स्वीकृति

■ मैनपुरी

अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक की प्राप्त आख्यायों के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट अंजनी कुमार सिंह की स्वीकृति के उपरांत जनपद के विभिन्न थानों में 36 ग्राम प्रहरी की तैनाती की स्वीकृति प्रदान की गई है।

स्वीकृति के उपरांत थाना औंछा के ग्राम दोली खरिया ईसई मांझपाटी, अचलपुर, चीतई, थाना कुरावली के ग्राम रजापुर, कौआटोला, नगला ऊसर, थाना बेवर के ग्राम रामपुर, सराय भद्दू, नगला नैनी, ग्राम नसीरपुर, सराय चक, लक्ष्मणपुर, चिरावर में ग्राम प्रहरी तैनात किये गये है। उन्होंने बताया कि थाना भोगांव के ग्राम आलोंपुर पट्टी, सुरजनपुर, थाना किशनी के ग्राम चतुरीपुर, समान, ढढौंस, गुरैया, जटपुरा, थाना कुर्रा के ग्राम टिकरई, टीकराहार, थाना करहल के ग्राम चंद्रपुरा, हाजीपुर सेमरी, थाना एलाऊ के ग्राम बघिरूआ, हुसैनपुर, गदाईपुर में भी ग्राम प्रहरियों को तैनाती दी गई है।

थाना कोतवाली के ग्राम इटौरा, इटौरा अजीतगंज, थाना घिरोर के ग्राम कारूखेड़ा, थाना बरनाहल के ग्राम इकहरा, बहसी ढालूपुर तथा थाना विछ्वां के ग्राम नगला भगत, ग्राम बिछ्वां में ग्राम प्रहरियों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहाकि चौकीदारों को शासन के निर्देशानुसार दी गई व्यवस्था के आधार पर नियमानुसार कार्यभार ग्रहण कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### पशु चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, लोडर बरामद

**फिरोजाबाद।** एसएसपी के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस टीम ने पशु चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी की गई भैंस, लोडर वाहन व असलाह बरामद हुए है। एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने बताया कि थाना मटसैना रंजना गुप्ता टीम के साथ अपराधियों की तलाश में गश्त पर थी। तभी मुखबिर ने सूचना दी की पशुओं को चोरी करने वाले तीन सदस्य एक लोडर वाहन में भैंस चुराकर ले जा रहें है। पुलिस टीम ने छापा मारकर यासीर पुत्र औसाफ, अदनान उर्फ अन्ना पुत्र मो. मुजाहिद निवासीगण नगला मुल्ला थाना मटसैना, विपिन कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी बालचन्द्रपुर थाना मटसैना को गिरफ्तार किया है।

# व्यस्ततम मार्ग के किनारे झौंपड़ी में रह रही बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म

■ शिकोहाबाद

■ झौपड़ी में घुसकर चारपाई पर ही दबोचा, नकदी भी लूट कर हुआ फरार

सड़क किनारे झोंपड़ी बना कर एकांकी जीवन यापन कर रही एक वृद्ध 75 वर्षीय महिला के साथ सोमवार की रात अज्ञात व्यक्ति ने दुष्कर्म किया। इसके बाद महिला के पास रखे लगभग पांच हजार रुपये भी लूट कर फरार हो गया। सुबह जब एक पूर्व फौजी वृद्धा को चाय देने उसकी झौंपड़ी में पहुंचे तो वृद्धा ने उन्हें आप बीती बताई। इसके बाद यह खबर मुहल्ले में फैल गई। मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। जानकारी होते ही एसएसपी, एसपी ग्रामीण, सीओ और प्रभारी निरीक्षक समेत पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। एसएसपी ने पांच टीमें गठित कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये हैं। टीमें स्टेशन रोड, रेलवे स्टेशन और आसपास की गलियों के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।वृद्धा स्टेशन के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में रहती थी। सड़क चौड़ी करण के दौरान उसका आशियाना उजड़ गया। उस पर एक बेटा और एक बेटी है। अब दोनों दिल्ली में रहते हैं। लगभग 40 साल पूर्व महिला के पति की मृत्यु हो गई। जिसके बाद उसके बेटा और बेटी ने वृद्धा से अपने साथ जाने के लिए कहा, लेकिन महिला उनके साथ नहीं गई और स्टेशन रोड पर झोंपड़ी बना कर रहने लगी। मृदुल स्वभाव की महिला को मोहल्ले के लोग ही चाय, नाश्ता के साथ खाना खिलाते थे। महिला उसी झोंपड़ी में रहती और अपना जीवन यापन कर रही थी। कभी कभी भीक मांग कर गुजारा करती थी। सोमवार की रात वह अपनी झोंपड़ी में सो रही थी। तभी एक व्यक्ति उसकी झोंपड़ी में घुस गया और महिला को चारपाई पर ही दबोच लिया। महिला के साथ दुष्कर्म किया, जिससे वृद्ध महिला असहाय होकर चिल्लाती रही, लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। घटना के बाद आरोपी उसके ब्लाउज में रखे पर्स को भी निकाल कर ले गया। पीड़िता ने बताया कि उसमें पांच हजार रुपये के करीब रखे हुए थे। बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म की घटना की जानकारी होते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया, सीओ प्रवीन कुमार, प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के अलावा एसओजी, सर्विलांस टीम, डॉग स्क्वायड और फौरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर घटना का निरीक्षण किया और आरोपी तक पहुंचने के लिए साक्ष्य एकत्रित किए।

# ओवरलोडिंग डंपरों में लगे प्रेशर हॉर्न ने उड़ाई नगर वासियों की नींद



सर्विस रोड पर खड़ा ओवरलोडिंग डंपर।

■ टूंडला

नगर से निकलने वाले ओवरलोडिंग डंपरों की संख्या अचानक से बढ़ती हुई नजर आ रही है। पूर्वाह्न से ही ओवरलोडिंग डंपरों की लाइन लग जाती है। इनमें लगे प्रेशर हॉर्न जनता की नींद उड़ा रहे हैं।

बता दें कि नगर में सुबह से ही आगरा से आने वाले ओवरलोडिंग डंपरों की लाइन लगी रहती है। मानक के अनुसार डंपरो में डाला लेवल माल होना चाहिए, लेकिन बीते दिनों से डाला लेवल से 2 से 3 फुट ऊपर गिट्टी व डस्ट डंपरो में बराबर आ रही है। कई डंपरो में तो रेत भी ओवरलोडिंग आ रही है। अधिकतर डंपरों पर नंबर भी दिखाई नहीं देते हैं या उन नंबरों पर मिट्टी लगा दी जाती है। जिले पर बैठे आरटीओ साहब टूंडला तो आना भूल ही गए हैं।और प्रशासन को भी जनता की कोई चिंता नहीं है। इन ओवरलोडिंग डंपरों में से गिट्टियां रोड पर गिर जाती है जिससे कई बार मोटरसाइकिल चालक फिसलकर चोटिल हो चुकें हैं। आखिर प्रशासन इन ओवर लोडिंग डंपरों पर कार्यवाही करने से क्यों कतरा रहा है। अब देखना यह है कि तहसील प्रशासन व आरटीओ फिरोजाबाद इन पर कार्यवाही करते हैं या नहीं।

# वृद्धाश्रम में बुजुर्गो से मिले स्वयंसेवक, जाना हाल

■ राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया वृद्धा आश्रम का भ्रमण




वृद्धा आश्रम में स्वयंसेवकों को सेवाभाव के लिए जागरुक करते कार्यक्रम अधिकारी।

■ मैनपुरी

नगर के औड़न्य पड़रिया स्थित डॉ0 भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने मंगलवार को स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंट लर्निंग कार्यक्रम के तहत वृद्धा आश्रम का भ्रमण किया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 एसपी सिंह के निर्देशन एवं पुलिस विभाग के नोडल अधिकारी संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने वृद्धा आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों का हाल-चाल जाना।स्वयंसेवकों ने आश्रम में सेवा की भावना से खाने-पीने की वस्तुओं, रोजमर्रा की उपयोगी वस्तुओं को वितरित कर वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम अधिकारी ने कहाकि सभी अपने मां-बाप की सेवा करें, उन्हें किसी प्रकार का कष्ट न दें।

स्वयंसेवक अक्षय, अमन, उत्कर्ष, विकल्प, अमन, शैलेंद्र, अनिल, अनंत, कृष्ण, हाशिम, सफ्दर, सुमित, शिवेंद्र, उत्तम, वीरू, निलेश, अंजलि, रागनी, मोहिनी, नैना, श्रेया, स्नेहा नागौर, प्रांसी डागौर ,प्रेटी यादव, आयुष पाण्डे, विवेक, आर्यन, वीर प्रताप, रोहित आदि मौजूद रहे।

# ओलम्पियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हुआ सम्मान



ओलम्पियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्र, छात्राओं को सम्मानित करते विद्यालय के चेयरमैन डॉ0 अशोक कुमार।

■ मैनपुरी

नगर के कुरावली रोड स्थित डॉ0 किरन सौजिया सीनियर सेकेड्री एजूकेशनल एकेडमी में मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र, छात्राओं को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ0 अशोक कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र, छात्राओं को माला पहनाकर, तिलक लगाकर और शील्ड देकर सम्मानित किया। सम्मान पाकर छात्र, छात्राओं के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।इस अवसर पर विद्यालय की वाइस प्रेसीडेन्ट डॉ0 किरन सौजिया, विद्यांशू सौजिया, इंचार्ज कहकशा, एनसीसी एएनओ प्रदीप यादव, अध्यापक डॉ0 नेम कुमार, हिमांशू सिंह आदि मौजूद रहे।

# निडर होकर अपनी बात रखें बालिका और महिला

■ स्वयंसेवकों को दिया छात्र पुलिस अनुभव आत्मक अधिगम प्रशिक्षण




थाना दन्नाहार में महिला सशक्तिकरण जागरुकता कार्यक्रम में शामिल स्वयंसेवक।

■ मैनपुरी

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय एवं उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में छात्र पुलिस अनुभव आत्मक अधिगम प्रशिक्षण फेस 2 का आयोजन किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के तहत नगर के आगरा रोड, खर्रा स्थित जय मां इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों को थाना दन्नाहार में नारी सशक्तिकरण विषय पर प्रशिक्षण अधिकारी एसएचओ वीरेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण प्रदान किया।अधिगम कार्यक्रम को संबोधित करते हुये महिला आरक्षी रीना सिंह ने बताया कि बिना नारी के जगत की कल्पना करना संभव नही है, हम सब एक घर को नहीं दो घरों को रोशनी प्रदान कर मजबूत करने का काम करते है।

महिला आरक्षी विमलेश ने कहाकि जहां पर नारी का सम्मान नहीं होता है वहां पर समृद्धि स्वतः किनारा कर जाती है, हम सबको स्वयं के प्रति सम्मान के साथ निष्ठावान रहना है, स्वावलंबी बनना है।कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 ललित सिंह ने स्वयंसेवकों से कहाकि प्रशिक्षण में बताई गई बातों का जीवन में पालन करें। सत्यता, उन्नति के मार्ग पर चलकर माता-पिता का सम्मान कायम रखें, मेहनत करें और समझदार बने।

# तुर्किये के रिजॉर्ट में आग लगने से 66 लोगों की मौत

● नई दिल्ली, एजेंसी



**उत्तर** पश्चिमी तुर्किए में स्थित एक स्की रिजॉर्ट के होटल में सोमवार देर रात को आग लग जाने से 66 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। गृहमंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि आग बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिजॉर्ट में एक होटल के रेस्तरां में लगी थी। टेलीविजन पर दिखाए गए आग के दृश्यों में होटल की छत और ऊपरी मंजिलों में आग लगी हुई दिख रही है। आग लगने का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है।

न्यूज एजेंसी ने गवर्नर अब्दुलअजीज आयदीन के हवाले से बताया कि घबराहट में इमारत से कूदने की वजह से दो लोगों की मौत हो गई। आयदीन ने बताया कि होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे।होटल में स्की प्रशिक्षक नेकमी केपसेटुटन ने बताया कि जिस वक्त आग लगी, उस समय वह सो रहे थे। घटना के बाद वह इमारत से बाहर भागे। उन्होंने बताया कि इसके बाद उन्होंने होटल से करीब 20 मेहमानों को बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने कहा कि होटल में धुआं भर गया था, जिससे मेहमानों के लिए आग से बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल हो गया था। स्की प्रशिक्षक ने ह्यएनटीवी टेलीविजनह्व को बताया कि मैं अपने कुछ छात्रों से संपर्क नहीं कर पा रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि वो ठीक होंगे। कार्तलकाया, इस्तांबुल से लगभग 300 किलोमीटर पूर्व में कोरोग्लू पर्वतीय क्षेत्र में स्थित एक लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट है। तुर्किये में स्कूलों की छुट्टियां चल रही हैं और इस दौरान क्षेत्र के होटल आमतौर पर भरे हुए रहते हैं। आयदीन के कार्यालय ने कहा कि दकमल के 30 ट्रक और 28 एंबुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया।

# कर्नाटक में कांग्रेस की जय भीम-जय बापू रैली

### सिद्धारमैया बोले- महात्मा गांधी सच्चे हिंदू, मरते वक्त हे राम कहा

● बेलगावी, वार्ता



**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का बेलगावी हवाई अड्डे पर स्वागत किया. महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वे सुबह-सुबह दिल्ली स्थित अपने आवास से निकले।

खड़गे और प्रियंका गांधी के साथ सीएम सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और पार्टी के अन्य प्रमुख नेता 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली के लिए बेलगावी में एकत्र हुए। इस बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आज बेलगावी जिले में होने वाले कार्यक्रम से पहले महात्मा गांधी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता के नेतृत्व और अहिंसा आंदोलन को दुनिया के सभी नेताओं ने स्वीकार किया है। शिवकुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में है और भले ही उनकी मृत्यु हो गई है, लेकिन उनके मूल्य अभी भी जीवित हैं। शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, 'आज बेलगावी में सिर्फ कांग्रेस का कार्यक्रम नहीं है। यह गांधीजी के कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में 100 साल पूरे होने का कार्यक्रम है और भले ही वह मर चुके हैं, लेकिन उनके मूल्य अभी भी जीवित हैं। दुनिया के सभी नेताओं ने उनके नेतृत्व और उनके अहिंसा आंदोलन को स्वीकार किया है और हम उस विरासत को आगे ले जाना चाहते हैं। कांग्रेस का इतिहास देश का इतिहास है। इसलिए हम इसे आगे ले जाना चाहते हैं।' हालांकि, जब उनसे कार्यक्रम पर भारतीय जनता पार्टी की प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया तो उन्होंने भाजपा को 'गोडसे' पार्टी करार देते हुए कहा कि वह बलिदानों और स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में नहीं जानती।

# डोनाल्ड ट्रंप ने बदले बाइडेन के 78 फैसले

## ट्रम्प की शपथ में मस्क ने हिटलर जैसा किया सैल्यूट ,सोशल मीडिया पर छिड़ा विवाद

● नई दिल्ली, एजेंसी



**अमेरिका** को डोनाल्ड ट्रंप के रूप में आज नया राष्ट्रपति मिल गया है। चुनाव में बंपर जीत हासिल करने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने वॉशिंगटन डीसी के कैपिटल हिल में राष्ट्रपति पद की शपथ ली। अमेरिका की सरकार में ट्रंप ने दूसरी बार वापसी की है। शपथ लेने के कुछ देर बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कई आदेशों पर साइन किए हैं।

इसके अलावा उन्होंने कई सख्त फैसले लिए, जिसकी आशंका पहले से ही जताई जा रही थी। ठीक वैसे ही ट्रंप ने आते ही अपना काम शुरू कर दिया है। उन्होंने लोगों के सामने बाइडेन के फैसलों को पलटने समेत कई कार्यकारी आदेशों पर साइन किए हैं। क्या होते हैं कार्यकारी आदेश आइये जानते हैं। कार्यकारी आदेश व्हाइट हाउस की तरफ से जारी किए जाते हैं और अमेरिकी सरकार की कार्यकारी शाखा को निर्देश देने के लिए उपयोग किए जाते हैं। इन आदेशों के जरिए संघीय एजेंसियों के लिए निर्देश या रिपोर्ट के लिए अनुरोध किया जा सकता है। कार्यकारी आदेशों को प्रभावी बनाने के लिए कांग्रेस या राज्य विधायिका की अनुमति की जरूरत नहीं होती है। इसके अलावा कई आदेश आपत्तिजनक भी हो सकते हैं। राष्ट्रपति कार्यकाल उनके की तरफ से जारी किए इन आदेशों को एक विशेष नंबर दिया जाता है। इन्हीं के जरिए इनकी पहचान की जाती है। इसके साथ ही इस आदेश के बाहर ही उसको जारी करने की तारीख और किसने इसे जारी किया है, इस बारे में जानकारी दी जाती है। आदेश जारी करने वाला राष्ट्रपति इस पर नीचे की साइड अपने साइन करता है। इन आदेशों को जारी करने का पावर केवल राष्ट्रपति के पास ही होता है। हालांकि राष्ट्रपति एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जरिए सारे फैसले नहीं ले सकता, बल्कि इसकी सीमा होती है। ऐसे ऑर्डर केवल उन्हीं मामलों पर लागू हो सकते हैं, जिसपर संविधान में पहले से कोई बात हो। कार्यकारी आदेश का चलन अमेरिका में साल 1789 से शुरू हुआ है। यहां हर राष्ट्रपति अपने कार्यकाल में कम से कम एक कार्यकारी आदेश जरूर जारी करता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अब तक कुल 13,731 से ज्यादा कार्यकारी आदेश जारी हो चुके हैं। कांग्रेस और संघीय अदालतें उन कार्यकारी आदेशों को कैंसिल कर सकती हैं जो राष्ट्रपति के अधिकार के दायरे से आगे हैं। साल 2023 में कोविड वैक्सीन लगवाने को लेकर जो बाइडेन के आदेश जारी किया था, जिसके मुताबिक सबको ये टीका लगवाना जरूरी था। इस आदेश को कोर्ट ने कैंसिल कर दिया था। कोर्ट ने उस समय पाया था कि इस आदेश से अधिकारों का उल्लंघन होता है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी अब तक प्रेसीडेंसी प्रोजेक्ट के तहत कार्यकारी के आंकड़ों को एकत्रित करती है। इसके अनुसार अब तक अमेरिकी इतिहास में, कई हजार कार्यकारी आदेश हुए हैं। अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन ने अपने कार्यकाल के समय 8 कार्यकारी आदेशों पर साइन किए थे, जबकि 32वें राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डेलानो रूजवेल्ट ने 3,721 कार्यकारी आदेशों पर साइन किए थे। वहीं अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने 220 कार्यकारी आदेशों पर साइन किए थे। अगर बाइडेन की बात की जाए तो उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान केवल 160 आदेशों पर साइन किए थे। कार्यकारी आदेश अक्सर राजनीतिक संदेश देने के बारे में होते हैं। जो कभी-कभी विवादों में भी घिर जाते हैं।

ट्रंप ने शपथ लेने के बाद देश को संबोधित किया, इसके बाद वे ओवल ऑफिस पहुंचे। उन्होंने यहां कई कार्यकारी आदेशों पर साइन किए। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में बाइडेन सरकार के 78 फैसलों को रद्द कर दिया है। इसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सदस्यता से अमेरिका के बाहर निकलने का आदेश भी शामिल हैं। उन्होंने इसके पीछे कोविड-19 को फैलने से रोकने में हल्ड की विफलता को वजह बताया है।

# फीस के लिए छात्रा को स्कूल से बाहर निकाला

### सदमे में कर लिया सुसाइड 8 वीं कक्षा में समय से फीस नहीं हो पायी थी जमा

● गुजरात, एजेंसी



**सूरत** में 8वीं छात्रा की सुसाइड का मामला गरमाने लगा है। सूरत के एक स्कूल में पढ़ने वाली इस छात्रा ने सोमवार की रात फांसी पर लटकर जान दे दी। घटना के वक्त छात्रा का पूरा परिवार कहीं बाहर गया था। वापस लौटने पर छात्रा के पिता ने इस घटना के लिए स्कूल प्रबंधन को जिम्मेदार बताया। कहा कि वह अपनी बेटी के स्कूल में फीस जमा नहीं कर पाए थे। इसकी वजह से उनकी बेटी को ना केवल परीक्षा में बैठने से रोका गया, बल्कि उसे क्लासरूम के बाहर काफी देर तक खड़ा रखा गया।

इस बात से दुखी होकर छात्रा ने फांसी लगाई है। मामला सूरत के गोडादरा क्षेत्र का है। यहां रहने वाले राजूभाई खटीक ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। बताया कि उनकी बेटी आदर्श पब्लिक स्कूल में पढ़ाई कर रही थी। 8वीं कक्षा में समय से उसकी फीस नहीं जमा हो पायी थी। ऐसे में स्कूल प्रबंधन ने उसे परीक्षा में बैठने से रोक दिया गया। छात्रा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी रोते हुए घर लौटी। इसके बाद उन्होंने स्कूल में फोन कर कहा भी कि वह अगले महीने पूरी फीस जमा कर देंगे। बावजूद इसके, उनकी बेटी को परीक्षा में एंट्री नहीं मिली। छात्रा के पिता का पक्ष सामने आने के बाद स्कूल के प्रिंसिपल ने भी जवाब दिया है। उन्होंने बताया कि स्कूल में कभी बच्चों पर फीस के लिए दबाव नहीं बनाया जाता। बल्कि फीस के लिए सीधा बच्चों के अभिभावकों से संपर्क किया जाता है। उन्होंने बताया कि छात्रा कई दिनों से लापता थी और उसके सुसाइड करने की खबर आई है। इस घटना पर बवाल शुरू होने के बाद राज्य के शिक्षा मंत्री प्रफुल्ल पनसेरिया ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि अभिभावकों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच होगी।

# आपत्तिजनक खबरें फैलाने वालों पर भड़कीं अभिनेत्री तब्बू



**मुंबईः** अभिनेत्री तब्बू ने अपने खिलाफ फैलाए गए आपत्तिजनक अफवाहों पर गुस्से का इजहार किया और एक बयान जारी कर फर्जी रिपोर्ट्स फैलाने वालों को चेतावनी दी।

हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री तब्बू ने अपनी फिल्म भूत बंगला के साथ जुड़ने की खुशी हाल ही में साझा की थी, लेकिन इसके बीच वह एक अन्य वजह से सुर्खियों में आ गईं। दरअसल, एक हालिया रिपोर्ट में अभिनेत्री के बारे में ऐसा दावा किया कि तब्बू ने एक आदमी के साथ बिस्तर शेयर करने की इच्छा जाहिर की थी। इस रिपोर्ट के बाद तब्बू ने अपनी टीम के माध्यम से नाराजगी जाहिर की है। तब्बू की टीम की ओर से जारी बयान में कहा गया कि प्रेस बंद करो... कई वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल हैं, जिन्होंने तब्बू के नाम पर कुछ गलत बयान दिए हैं। हम यह स्पष्ट करना चाहेंगे कि उन्होंने कभी ये उदहारण नहीं दिए। लोगों को गुमराह करना नैतिकता का गंभीर उल्लंघन है।₹ बयान में तत्काल कार्रवाई का आह्वान करते हुए कहा गयाकि हम मांग करते हैं कि ये वेबसाइटें तुरंत मनगढ़ंत उद्धरण हटाएं और माफी मांगें।अभिनेत्री की टीम ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की निराधार और अपमानजनक रिपोर्टें एक कलाकार की प्रतिष्ठा को धूमिल करती हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में तब्बू ड्यूनः प्रॉफेसी में अपने रोल को लेकर चर्चा में आई थीं। इस समय उनके पास कई प्रोजेक्ट्स हैं।

## एकता ने शेयर किया सुशांत का पुराना वीडियो

**मुंबई :** दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मंगलवार को 39 वीं जयंती है ऐसे में उनके अपने उन्हें याद कर भावुक हो गए हैं। सुशांत सिंह राजपूत की खास दोस्त एकता कपूर ने अपने लोकप्रिय शो ह्लपवित्र रिश्ताह्व से कुछ पल साझा करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। एकता ने सुशांत और अभिनेत्री अंकिता लोखंडे की कुछ खूबसूरत झलक दिखाकर यादें ताजा की हैं। इस वीडियो को देख फैंस काफी इमोशनल हो गए हैं। एकता ने अपने पोस्ट में लिखा कि पुरानी यादें और भावनाएं लहरों के रूप में आती हैं और शायद आज ऐसा ही एक दिन है... जन्मदिन मुबारक हो, आप जहां भी हों चमकें, मुस्कुराएं, याद रखें कि आपसे प्यार किया जाता है!ह्व 'पवित्र रिश्ता' से जुड़ी वीडियो में मानव और अर्चना की शादी वाला सीन दिखाई दे रहा है। वहीं इसी बीच सुशांत की बहन बहन श्वेता सिंह कीर्ति ने अपने भाई की याद में भावुक पोस्ट लिखा है। कीर्ति ने 'छिछोरे' अभिनेता के कुछ यादगार पलों का एक वीडियो संकलन पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा- ₹आपकी रोशनी लाखों लोगों के दिलों में चमकती रहती है। आप सिर्फ.एक अभिनेता नहीं थे, आप एक साधक, एक विचारक, असीम जिज्ञासा और प्यार से भरी आत्मा थे।

## शर्मनाक : पत्नी को नशीला पदार्थ देकर बनाया अश्लील वीडियो

**महाराष्ट:** उल्हासनगर से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पति ने अपनी पत्नी को नशीला पदार्थ देकर उसका अश्लील वीडियो बनाया और अपने दोस्त को भेज दिया। इस अमानवीय कृत्य के बाद जब पत्नी ने विरोध किया, तो पति ने उसके साथ मारपीट की। इस घटना के बाद पति के दोस्त ने महिला को अश्लील बातें कही और शारीरिक संबंध बनाने की मांग की। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 40 वर्षीय आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ धोखा और हिंसा की। उसने पहले पत्नी को नशीला पदार्थ खिलाया और फिर उसकी निजी तस्वीरें व वीडियो बनाकर अपने दोस्त को भेज दी। जब पत्नी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की। महिला ने बताया कि आरोपी के दोस्त ने 7 जनवरी को उसे फोन कर न केवल अश्लील बातें कीं, बल्कि शारीरिक संबंध बनाने की मांग भी की। इस घटना से परेशान महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया।

# आश्रय स्थलों में रह रहे फिलीस्तीनी अब नहीं लौटना चाहते घर

● नई दिल्ली, एजेंसी

### बोले- पुराने ठिकाने के खंडहरों में तंबू लगाने के लिए भी जगह नहीं है

**फिलीस्तीनियों** का कहना है कि वे युद्ध की वजह से विस्थापित होने के बाद अपने आश्रय स्थलों में रह रहे हैं जिनको छोड़कर गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफाह में अपने पुराने घरों के मलबे में लौटने की उनकी इच्छा नहीं है। विस्थापित हुए हुसैन बरकत ने कहा कि हम युद्ध विराम के दौरान एक तंबू लगाने के लिए वापस आना चाहते थे। जैसा कि आप देख सकते हैं, यह एक भुतहा शहर बन गया है। यहां पानी नहीं है। कुछ भी नहीं है। यहां तक कि कोई समतल जमीन भी नहीं है, जहां आप रह सकें।

एसोसिएटेड प्रेस द्वारा शूट किए गए फुटेज में विस्थापित निवासी हाथों से मलबे में खुदाई करते नजर आ रहे हैं। यूसुफ अल-शरकावी ने अपने पांच बच्चों के लिए कपड़े निकालने के लिए अपने नष्ट हो चुके घर के खंडहरों को छान मारा। बच्चों में उनका नवजात शिशु भी है, जो रात में सर्दियों की ठंड से संघर्ष कर रहा है। रफाह के एक अन्य विस्थापित मोहम्मद अल-बल्लास ने कहा कि पानी और बिजली सहित बुनियादी आवश्यकताओं के बिना रफाह में घर वापस लौटना मुश्किल होगा। बोले- भुतहा बन चुका गाजा और नष्ट हो चुकी सड़कों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि वे अभी अपने आश्रय स्थल में ही रहेंगे क्योंकि उनके पुराने ठिकाने के खंडहरों में तंबू लगाने के लिए भी जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर आप यहां किसी जानवर को बांधने की कोशिश भी करेंगे तो वह भी जिंदा नहीं बचेगा।



आश्रय स्थलों से वापस घर लौटते फिलीस्तीनी नागरिक।

# ममता सरकार बोली- कोलकाता रेप-मर्डर के दोषी को फांसी हो

● कोलकाता, एजेंसी



**आरजी** कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के हत्या और बलात्कार के मामले में निचली अदालत के फैसले से ममता बनर्जी सरकार असंतुष्ट है। सरकार ने अब कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सरकार दोषी संजय रॉय को फांसी की सजा दिलाना चाहती है। निचली अदालत ने रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अदालत का मानना था कि यह मामला 'रेयरेस्ट ऑफ द रेयर' की श्रेणी में नहीं आता। इस मामले में पश्चिम बंगाल सरकार की पैरवी महाधिवक्ता किशोर दत्ता कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने निचली अदालत के फैसले पर निराशा जताई है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को बचाना सरकार का काम नहीं है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में संजय रॉय को दोषी पाया गया था। रॉय कोलकाता पुलिस का पूर्व सिविक वॉलंटियर था। शनिवार को उसे भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था। सोमवार को निचली अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई।

# महाकुंभ में किन्नर अखाड़े में भारी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

## 10 साल पहले 'अखाड़ा' पंजीकृत कराने के दौरान समुदाय को करना पड़ा था कड़े विरोध का सामना

● महाकुंभनगर, ब्यूरो



**प्रयागराज** में आयोजित किए जा रहे महाकुंभ में किन्नर अखाड़े में भारी संख्या में श्रद्धालु आशीर्वाद लेने के लिए पहुंच रहे हैं। किन्नर वर्ग के लिए दस साल पहले 'अखाड़ा' पंजीकृत कराने के दौरान समुदाय को कड़े विरोध का सामना करना पड़ा था, लेकिन उनका आशीर्वाद लेने पहुंची रही श्रद्धालुओं की भीड़ ने उम्मीद जगाई है कि आखिरकार समाज उन्हें स्वीकार करेगा। तीन हजार से अधिक किन्नर लोग अखाड़े में रह रहे हैं और संगम में डुबकी लगा रहे हैं। इनमें अधिकांश ऐसे हैं जिनके परिवार ने उन्हें छोड़ दिया था। खुद की पहचान महिला के रूप में करने वाली किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर पवित्रा नंदन गिरि ने कहा कि समाज ने हमेशा किन्नरों का तिरस्कार किया है। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमें हमेशा से हीन भावना से देखा जाता रहा है। जब हमने अपने लिए अखाड़ा पंजीकृत कराना चाहा, तो हमारे धर्म को लेकर सवाल उठाए गए। हमसे पूछा गया कि हमें इसकी क्या जरूरत है? विरोध के बावजूद, हमने 10 साल पहले इसे पंजीकृत कराया और यह हमारा पहला महाकुंभ है।'' अखाड़े ऐसी संस्थाएं हैं जो विशिष्ट आध्यात्मिक परंपराओं और प्रथाओं के तहत संतों (तपस्वियों) को एक साथ लाती हैं। गिरि ने कहा, ह्यह्यआज हम भी संगम में डुबकी लगा सकते हैं, अन्य अखाड़ों की तरह शोभायात्रा निकाल सकते हैं और अनुष्ठान कर सकते हैं। अखाड़े में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और हमारा आशीर्वाद लेने के लिए लंबी कतार लग रही है। उम्मीद है कि समाज में भी हमें स्वीकारा जाएगा। नर्सिंग स्नातक कर चुकीं गिरि ने कहा कि जैसा कि कई ट्रांसजेंडर लोगों के साथ होता है उसी तरह उनके परिवार ने भी उन्हें छोड़ दिया। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमारे लिए जीवन कठिन है। बचपन में मैं अपने भाई-बहनों के साथ खेलती थी, इस बात से अनजान कि मैं उनमें से नहीं हूं। एक बार जब मुझे पता चला तो सभी ने मेरे साथ ऐसा व्यवहार किया जैसे मैं हीन या अछूत हूं। मैंने अपनी शिक्षा भी पूरी की, लेकिन फिर भी भेदभाव का दंश झेलना पड़ा। बता दें कि अखिल भारतीय किन्नर अखाड़ा महाकुंभ में 14वां अखाड़ा है। महाकुंभ में 13 अखाड़ों को तीन समूहों में विभाजित किया गया है, संन्यासी (शैव), बैरागी (वैष्णव) और उदासीन। प्रत्येक अखाड़े को कुछ अनुष्ठानों के लिए विशिष्ट समय दिया जाता है। जूना अखाड़ा 13 अखाड़ों में सबसे पुराना और सबसे बड़ा है। महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने कहा कि महाकुंभ में उनके साथ अन्य संतों जैसा ही व्यवहार किया जाता है।

संपादकीय

# मुफ्त...मुफ्त...मुफ्त

**दिल्ली चुनाव में मुफ्त का बोलबाला है। यह कोई नहीं पूछ रहा, न बता रहा कि पैसा आएगा कहां से और कैसे दिया जाएगा, किसे दिया जाएगा। बस मुफ्त देने की होड़ लगी है।**

**दिल्ली** चुनाव में सभी राजनीतिक दल बहुत कुछ मुफ्त देने का ऐलान कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की 'आप' ने दिल्लीवासियों को बहुत कुछ मुफ्त देने का ऐलान किया है। दिल्ली चुनाव सिर्फ इस पर हो रहा है कि कौन सबसे जनता को मुफ्त देता है। इस आपाधापा में दिल्लीवासियों के मूल मुद्दे बहुत पीछे छूट गए हैं। मंगलवार को बीजेपी ने अपना संकल्प पत्र 2 जारी किया। बीजेपी के संकल्प पत्र 2 में सरकारी शिक्षण संस्थानों में जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 15,000 रूपये की वित्तीय सहायता और दो बार के यात्रा व आवेदन शुल्क की राशि दी जाएगी। ऑटो-टैक्सी चालकों के लिए वेलफेयर बोर्ड, 10 लाख रुपये का जीवन बीमा, 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा एवं वाहन बीमा और उनके बच्चों के लिए स्कॉलरशिप दी जाएगी। लगता है कि संकल्प पत्र-1 में कुछ देना बाकी रह गया था, इसलिए संकल्प पत्र-2 जारी करके मुफ्त का दायरा बढ़ाया गया है। जो कुछ बीजेपी ने दिल्ली में देने का वायदा किया है, क्या वह उन राज्यों में दे रही है, जहां उसकी सरकारें हैं? उन राज्यों की जनता की क्या गलती है, जहां उसने भाजपा को अपार बहुमत देकर जिताया है? मुफ्त की रेवड़ियों पर 'आप' को नसीहत देने वाली भाजपा दिल खोल कर मुफ्त की रेवड़ियों का ऐलान करने से नहीं चूक रही है। ऐसा लगता है कि 'आप' को शिकस्त देने के लिए बीजेपी के पास एक यही हथियार बचा है कि वह भी 'आप' की तरह मुफ्त की रेवड़ियों का ऐलान करे। आप ने किरायदारों को भी मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया है। बीजेपी ने उसके जवाब में छात्रों को बहुत कुछ मुफ्त देने का ऐलान किया है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में महिलाओं को हर माह पैसा देने का फार्मूला कारगर रहा है। आप ने महिलाओं को 2100 रुपये की मासिक देने का वादा किया है। आम आदमी पार्टी ने 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज का वादा किया गया है। यह इलाज सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह के अस्पतालों में उपलब्ध होगा। दिल्ली के पुजारियों और ग्रंथियों 18 हजार रुपये हर महीने सम्मान राशि के तौर पर देने का वादा किया है। कांग्रेस भी पीछे नहीं है। कांग्रेस ने बेरोजगार युवकों को 8500 रुपये हर महीने देने की बात कही। कुल मिलाकर दिल्ली चुनाव में मुफ्त का बोलबाला है। यह कोई नहीं पूछ रहा कि पैसा आएगा कहां से और कैसे दिया जाएगा, किसे दिया जाएगा।

पाठकवाणी

## अलग पहचान बनातीं इकरा हसन

**इकरा** हसन आज भारतीय राजनीति में एक विख्यात और समझदार राजनेत्री के रूप में पहचान बना रही हैं। कैराना क्षेत्र से हसन परिवार की चौथी सांसद के रूप में तो इकरा हसन ने नाम कमाया ही है उससे कहीं ज्यादा नाम राजनीति में होते हुए, पढ़ी लिखी होते हुए भी सर से दुपट्टा न हटने देने वाली भारतीय नारी के संस्कारों को अपनाकर कमा रही हैं। इकरा एक राजनीतिक परिवार से आती हैं, उनके दादा अख्तर हसन, पिता मुनव्वर हसन और मां तबस्सुम हसन कैराना से पूर्व सांसद हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्रालय के बजट पर चर्चा के दौरान उन्होंने अल्पसंख्यक शिक्षा के साथ भेदभाव करने के लिए बजट की आलोचना की। उन्होंने मौलाना आजाद फाउंडेशन के बंद होने और पाठ्यपुस्तकों से डार्विन के सिद्धांत और मुगल इतिहास के विरूपण सहित महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और वैज्ञानिक सामग्री को हटाने पर भी चिंता व्यक्त की। इकरा चौधरी आज भारतीय राजनीति का गौरव बन गई हैं। क्षेत्र की बेटी की काबिलियत और क्षेत्रवासियों से अपनापन सभी क्षेत्रवासियों के दिलों में अपनी गहरी छाप छोड़ चुका है। आज देश को जिस तरह के युवा, सद्भावना पूर्ण राजनेताओं की जरूरत है, इकरा चौधरी उनमें से एक हैं। वे जनता में, युवाओं में लोकप्रिय हैं और उनमें वो दिमाग है जो युवा पीढ़ी को सही दिशा में लेकर जा सकता है।

**-शालिनी कौशिक एडवोकेट**, कैराना (शामली)

कुछ खास



किसी को जबरदस्ती लंबे समय तक काम करने के लिए नहीं कहा जा सकता। लेकिन, हर किसी को इस बारे में स्वयं सोचना चाहिए और इसकी जरूरत समझनी चाहिए। इस मुद्दे पर बहस नहीं, बल्कि स्वयं विचार करने की आवश्यकता है।

**-नारायण मूर्ति**, इंफोसिस के चेयरमैन

आज का ट्वीट



''पटना में राहुल गांधी ने ठंडे पड़ चुके बीपीएससी प्रदर्शन को फिर से जिंदा कर दिया है। यह आंदोलन डबल इंजन सरकार की गंदी राजनीति का शिकार हो गया था।'' **-अनुपम**

# आईआईटी बाबाओं की असलियत

सामयिक



**शाहीन सबा**

**क्या माता-पिता को अपनी कुंठाओं की पूर्ति के लिए अपने बच्चों को इस तरह से मानसिक रूप से जर्जर करके धर्म, अर्थ और तंत्र के चंगुल में फंसते रहने का सिलसिला चलते रहना ठीक है? क्या इस तरह के मानसिक जर्जर युवाओं की भीड़ बढ़ाने से धर्म और राष्ट्र विश्व की शक्ति बन जाएगा?**

दुनिया के सभी देशों से ज्यादा बाबा अगर किसी देश में पाए जाते हैं, तो वो हिंदुस्तान है, और इसका नजारा कुंभ में साफ तौर पर देखा जा सकता है। इन बाबाओं की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। बाबाओं में नशे का ट्रेंड बहुत ज्यादा है। आज जितने बाबा या कहें कि संत-साधु बने देश के हर समाज और तकरीबन ज्यादातर नशा करते दिखाई देते हैं। और ये बाबा हर धर्म में बने घूम रहे हैं, लेकिन हिंदू धर्म में इनकी आवभगत और इज्जत काफी होती है। समाज में काम के बोझ और जिम्मेदारियों से बचने के लिए न जाने इन बाबाओं में से कितने ही होंगे, जो इसी के चक्कर में बाबा बन गए। हाल ही में इसके कई बड़े उदाहरण कुंभ के मेले में देखने को मिल रहे हैं, जिनमें एक है इंजीनियर से बाबा बनने वाले आईआईटी पास बाबा। दरअसल, इस होनहार युवा को इसके मां-बाप ने न जाने कितनी ही मुसीबत झेलकर आईआईटी जैसा महंगा कोर्स इस उम्मीद में कराया था, जिससे ये उनके बुढ़ापे में उनका सहारा बन सके। लेकिन नशे की लत में पड़कर आईआईटी मुंबई से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अभय सिंह ने कनाडा में नौकरी करते हुए 36 लाख रुपए का पैकेज छोड़ दिया। और उसके मां-बाप न सिर्फ परेशान हैं, बल्कि उनका रो-रोकर बुरा हाल है।



अभय सिंह उर्फ आईआईटी बाबा को नशा मुक्ति केंद्र या मानसिक रोगों के अस्पताल में होना चाहिए, लेकिन वह बाबा बनकर घर-परिवार की जिम्मेदारियां और अच्छी खासी नौकरी छोड़कर घूम रहा है और जिन पत्रकारों को देश की समस्याएं उठाते हुए उन खबरों को देश को दिखाना चाहिए था, जो लोगों के खिलाफ काम कर रही हैं, वो इस नए-नए बाबा का साक्षात्कार करते घूम रहे हैं। और मां-बाप का दुख नहीं दिखा रहे हैं। अब ये आईआईटी बाबा लोक कल्याण पर ज्ञान दे रहा है, जिसने खुद अपने मां-बाप का कल्याण नहीं किया।

आजकल मां-बाप भी अपने बच्चों का सबसे अच्छा भविष्य यानि बढ़िया कमाई वाला रोजगार डाक्टरी या इंजीनियरिंग में ही देखते हैं, जिसके लिए वो खुद दुखी रहकर, कर्ज लेकर या घर-जमीन बेचकर अपने बच्चों, खास तौर पर लड़कों को महंगी पढ़ाई करवाते हैं और इन बच्चों पर भी मां-बाप का लगातार दबाव भी बना रहता है कि उन्हें वही बनना है, जो वो चाहते हैं। इंजीनियरिंग और डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए मां-बाप बच्चों को अपने से दूर रखते हैं और ये बच्चे कुछ बिगड़ैल बच्चों के चलते, कुछ अकेलेपन के चलते, कुछ पढ़ाई की टेंशन के चलते उन लोगों के चंगुल में फंस जाते हैं, जो नशे की तस्करी करके पढ़ने वाले बच्चों का जीवन बर्बाद करते हैं। हिंदुस्तान में हर साल लाखों बच्चे इन तस्करों के नशीले जाल में फंसकर अपनी जिंदगी तबाह कर रहे हैं।

मां-बाप इतिहास, कला और दूसरे ऐसे विषयों में अपने बच्चों का तब ही कराते हैं, जब उन्हें ज्ञान नहीं होता या फिर उनके पास पैसा नहीं होता। और जो बच्चे इन विषयों में पढ़ाई करते हैं, तो वो सिर्फ डिग्री लेने भर के लिए। इस मामले में कई विचारकों और जानकारों का कहना है कि डाक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक बनाने से ही देश विश्व की शक्तियों में शुमार हो सकता है। लेकिन मेरा मानना है कि अगर ऐसा होता, तो दक्षिण एशियाई देश सबसे अधिक डाक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक आदि बनाने के बाद भी आज तक बदहाल नहीं रहते। यूरोप और अमेरिका बहुत पहले समझ गए थे कि हमें अपने देशों में उच्च स्तर के खोज संस्थान खोलने चाहिए, न कि डाक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक आदि बनाने पर सबसे ज्यादा ध्यान देना चाहिए। क्योंकि अगर खोज संस्थान और पैसा होगा, तो बड़े से बड़े डाक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक तो नौकरी पर रख लिए जाएंगे, लेकिन अगर सिर्फ बच्चों को इस तरह की उच्च शिक्षा दे दी जाएगी, और नौकरी का कोई इंतजाम नहीं होगा, तो फिर वो भी विदेशों में नौकरी के लिए भागेंगे, जैसे आईआईटी बाबा उर्फ अभय सिंह कनाडा में नौकरी करता था। अगर देखें, तो पता चलेगा कि यूरोपियन देशों में उच्च तकनीकी वाले विषयों में शिक्षित बच्चे कम ही मिलेंगे, और हमारे यहां से सस्ते डाक्टर, इंजीनियर तो दक्षिण एशिया से आसानी से मिल जाते हैं, जो देश हमारे देश में नौकरी करने पर गर्व करते हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता और विचारक जितेंद्र सहरावत कहते हैं कि अधिकतर भारतीय माता-पिता अपने बच्चों को तकनीकी शिक्षा (मेडिकल और इंजीनियरिंग) लेने के लिए दबाव डालते हैं। यही वजह है कि ज्यादातर बच्चे इन शिक्षाओं के उच्च श्रेणी के संस्थानों में प्रवेश के लिए महंगी कोचिंग लेते हैं। इन कोचिंग संस्थानों में भी वही दबाव कि बच्चों अच्छी रैंक लानी है। बच्चों पर चारों तरफ (माता-पिता, समाज, कोचिंग संस्थान और सहपाठियों) के दबाव को पहचान कर नशे के कारोबारी यानि तस्कर सत्ताओं के संरक्षण में इन बच्चों के बीच में विभिन्न तरह की नशे की सामग्री अपने लोगों से परोसकर न सिर्फ भारी मुनाफा कमाते हैं, बल्कि बच्चों की लाइफ बर्बाद कर देते हैं। आईआईटी बाबा को भी इन्हीं नशों में कोई नशा दिमाग में गहराई से चढ़ गया है। धार्मिक संस्थान चलाने वाले ऐसे उच्च शिक्षित, लेकिन मानसिक रूप जर्जर हो चुके बच्चों को अपने अपने तरीके की बनाई धार्मिक अफीम से इनकी मानसिक जर्जरता को दूर करने के साथ देश बड़े धन्ना सेठों, राजनेताओं और उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को आपके शरणागत करने का अहंकार जागृत कराते हैं। अक्सर दिखता है कि यूरोपियन और अमेरिकन लोग हिंदुस्तान और बाकी पिछड़े देशों का मजाक बनाते हुए कहते हैं कि इन देशों को अभी तक मालूम ही नहीं है कि यहां की उच्च शिक्षित युवा शक्ति हमारे देशों के उच्च रिसर्च संस्थानों में ऊर्जा लगाकर हमें दुनिया का शक्तिशाली देश और मालिक बनाने की मुख्य भूमिका रहे हैं। इनके देश की सत्ताएं और मां-बाप इन्हें डाक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक आदि बनाकर हमारे यहां नौकरी करने के अहंकार चूर हैं। ये अहंकारी अपने बच्चों को यूरोप और अमेरिका आदि शक्तिशाली देशों के नौकर बनाकर भी अपने देश में खुद को अमीर महसूस करते हैं। अपने देश की गरीबी दूर करने में विफल हैं, फिर भी अहंकार के नशे में इतने चूर हैं कि अपने देशों की बदहाल स्थिति पर ये अहंकारी कभी विचार ही नहीं करते।

हिंदुस्तान के मां-बाप को चाहिए कि वो अपने बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ उन्हें संस्कार जरूर दें। और जितना संभव हो सके, अपने आसपास ही रखें, क्योंकि विदेशों में जाने वाले यहां तक कि अपने शहरों से दूर रहने वाले बच्चे परिवार से न सिर्फ दूर हो जाते हैं, बल्कि उनका मोह भी परिवार से कम हो जाता है, जिसके चलते वो परिवार की जिम्मेदारियों से दूरी बनाने लगते हैं। बाहर वो किससे मिलते हैं और क्या करते हैं, ये उनके परिवार वालों यहां तक कि मां-बाप को भी नहीं पता होता है। तो सवाल ये है कि क्या माता-पिता को अपनी कुंठाओं की पूर्ति के लिए अपने बच्चों को इस तरह से मानसिक रूप से जर्जर करके धर्म, अर्थ और तंत्र के चंगुल में फंसते रहने का सिलसिला चलते रहना ठीक है? क्या इस तरह के मानसिक जर्जर युवाओं की भीड़ बढ़ाने से धर्म और राष्ट्र विश्व की शक्ति बन जाएगा?

# ट्रंप के फैसलों से दुनियाँ दंग-बाईडेन के 78 फैसले भंग- क्या रुकेगी रूस यूक्रेन जंग?- अमेरिकी बर्थ राइट सिटीजनशिप कानून भंग!

## अमेरिका में शपथ लेते ही ट्रंप का दे दनादन-पहले ही दिन 100 से अधिक महत्वपूर्ण फैसले

**अवैध प्रवासियों, घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बाहर करने का स्वतः संज्ञान अमेरिका की तर्ज पर भारत को भी लेना समय की मांग- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट**

**गोंदिया** - दुनियाँ का हर देश हैरत भरी नजरों से देख रहा है कि जिस तरह शपथ ग्रहण के बाद अपने पहले ही संबोधन में दनादन फैसलों की की घोषणा कर पदभार ग्रहण कर उनपर हस्ताक्षर भी कर दिए गए,जिसमें बाईडेन प्रशासन के 78 फैसलों को तुरंत भंग कर दिया, टिकटाक पर फिलहाल बैन पर रोक लगा, कनाडा मैक्सिको पर 25 पेसेंट टैरिफ लगा दी, विश्व स्वास्थ्य संगठन व पेरिस जलवायु संगठन से बाहर होने की घोषणा की, जिसमें अमेरिका एक बहुत बड़ा सहयोगी था जिससे उनकी वैश्विक योजनाओं पर असर पड़ने की संभावना है। इन सबसे महत्वपूर्ण अब अवैध प्रवासियों की एंट्री बंद करने के अलावा अब जन्मजात नागरिकता याने बर्थ राइट सिटीजनशिप कानून को समाप्त करने को लेकर भी एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स जारी कर दिए गए हैं, जिससे भारत सहित अनेक देशों पर फर्क पढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, हम नीचे पैरा में जिसकी चर्चा करेंगे। चूँकि अमेरिका में शपथ लेते ही ट्रंप का दे दनादन, पहले ही दिन 100 से अधिक महत्वपूर्ण फैसले, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप के फैसलों से दुनियाँ दंग, बाईडेन प्रशासन के 78 फैसले भंग, क्या रुकेगी रूस यूक्रेन जंग? जन्मजात नागरिकता कानून भंग!

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा बर्थ राइट सिटीजनशिप एक्ट को निरस्त करने की करें तो, अमेरिका में 150 साल से जन्मजात नागरिकता कानून अमेरिकी संविधान का 14 वां संशोधन बच्चों को जन्मजात नागरिकता की गारंटी देता है। अमेरिका में यह कानून 150 साल से लागू है। ट्रम्प ने जन्मजात नागरिकता को खत्म करने का फैसला किया है। ट्रम्प ने उन माता-पिता के बच्चों को जन्मजात नागरिकता देने से इनकार करने का आदेश दिया है जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं या फिर अस्थायी वीजा लेकर रह रहे हैं। ट्रम्प ने इस आदेश को लागू करने के लिए 30 दिन का समय दिया है।प्यू रिसर्च सेंटर की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक 16 लाख भारतीय बच्चों को अमेरिका में जन्म लेने की वजह से नागरिकता मिली है।हालांकि ट्रम्प के आदेश में कहा गया है कि यह केवल उन लोगों पर लागू होगा जो इस आदेश की तारीख से 30 दिनों के बाद अमेरिका में जन्मे हैंइसका मतलब है कि अमेरिका में भारतीयों की आने वाली पीढ़ी इसके दायरे में होगी। इसका मतलब ये है कि अब जिन लोगों के पास अमेरिकी नागरिकता के वैध डॉक्यूमेंट नहीं हैं और इस दौरान अगर वे अमेरिका में अपने बच्चे को जन्म देते हैं तो उन बच्चों को स्वतः अमेरिकी नागरिकता नहीं मिलेगी। डोनाल्ड ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश का नागरिकता संबंधी फैसले का सबसे ज्यादा प्रभाव प्रवासी भारतीयों पर पड़ेगा।प्यू रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका 48 लाख भारतीय मूल के निवासी बसे हुए हैं, इनमें से 16 लाख को जन्म के आधार पर ही नागरिकता मिली है।




साथियों बात अगर हम बर्थराइट सिटीजनशिप एक्ट को समाप्त करने की चुनौतियों की करें तो,ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन इसकी वैधता सवालों के घेरे में है।14 वां संशोधन अमेरिकी संविधान का हिस्सा है, और इसके प्रावधानों को बदलने के लिए आम तौर पर एक संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता होती है। एक ऐसी प्रक्रिया जो लंबी और कठिन होती है। आज तक किसी भी राष्ट्रपति ने कार्यकारी आदेश का उपयोग करके एकतरफा रूप से जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त नहीं किया है। कानूनी विशेषज्ञ पहले से ही संघीय न्यायालयों में आदेश के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियों की भविष्यवाणी कर रहे हैं। यूएस सुप्रीम कोर्ट ने जन्मसिद्ध नागरिकता को बरकरार रखा है, जिसमें यूनाइटेड स्टेट्स बनाम वोंग किम आर्क (1898) का ऐतिहासिक मामला भी शामिल है। इस मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि गैर-नागरिक माता-पिता से यूएस में पैदा हुआ बच्चा अभी भी यूएस का नागरिक है। ट्रंप के कार्यकारी आदेश के खिलाफ तर्क यह है कि यह संशोधन प्रक्रिया का पालन किए बिना संवैधानिक गारंटी को रद्द नहीं कर सकता है, जिसके लिए कांग्रेस में बहुमत और राज्यों में दो-तिहाई वोट की आवश्यकता होगी। फिर भी इस आदेश से कानूनी लड़ाई भड़कने की संभावना है जो सालों तक चल सकती है, जिससे प्रभावित लाखों लोगों के लिए अनिश्चितता पैदा हो सकती है। साथियों बात अगर हम अमेरिकी आबादि में भारतीय अमेरिकी समुदाय की करें तो, भारतीय- अमेरिकी समुदाय, जो अमेरिका में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अप्रवासी आबादी में से एक है, इस बदलाव से बहुत प्रभावित होगा। अमेरिकी जनगणना के अनुसार अमेरिका में 4.8 मिलियन से अधिक भारतीय- अमेरिकी रहते हैं। इनमें से लाखों जन्मसिद्ध अधिकार के आधार पर अमेरिकी नागरिकता रखता है। यदि नीति कार्यकारी आदेश के अनुसार बदलती है, तो अस्थायी कार्य वीजा (जैसे एच -1बी वीजा) पर रहने वाले या ग्रीन कार्ड की प्रतीक्षा कर रहे भारतीय नागरिकों के बच्चों को अब ऑटोमैटिक रूप से अमेरिकी नागरिकता प्राप्त नहीं होगी। इससे हर साल अमेरिका में भारतीय अप्रवासियों के हजारों बच्चे प्रभावित हो सकते हैं।वर्तमान में भारतीय माता-पिता के अमेरिका में जन्मे बच्चे, (चाहे वे एच -1बी वीजा पर हों, ग्रीन कार्ड पर हों या बिना किसी दस्तावेज के हों) को अमेरिकी नागरिकता प्राप्त होती है। हालांकि नए आदेश के तहत केवल कम से कम एक अमेरिकी नागरिक या स्थायी निवासी माता-पिता से पैदा हुए बच्चों को ही नागरिकता मिलेगी। यह उन परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा जो स्थायी निवास और अंततः खुद नागरिकता के लिए अपने बच्चों की नागरिकता की स्थिति पर निर्भर हैं। कई भारतीय माता-पिता, विशेष रूप से एच-1बी वीजा पर काम करने वाले लोगों के लिए, अमेरिका में बच्चे का जन्म उनके बच्चों के लिए अमेरिकी नागरिकता हासिल करने का एक रास्ता रहा है। जन्मसिद्ध नागरिकता के बिना, इन बच्चों को या तो खुद ही प्रक्रिया से गुजरना होगा या अपनी कानूनी स्थिति में अनिश्चितता का सामना करना होगा।भारतीय-अमेरिकी आबादी का एक बड़ा हिस्सा यूएस ग्रीन कार्ड बैकलॉग में फंसा हुआ है, जिसमें से कई लोग स्थायी निवास प्राप्त करने के लिए दशकों से इंतजार कर रहे हैं। वर्तमान में एच -1बी या अन्य अस्थायी वीजा पर भारतीय नागरिकों के जन्मे बच्चे ऑटोमैटिक रूप से यूएस नागरिकता प्राप्त कर लेते हैं, जो उन्हें परिपक्व होने पर अधिक सरल कानूनी विकल्प प्रदान करता है। यदि यह नीति रद्द कर दी जाती है, तो यूएस में भारतीय नागरिकों के जन्मे बच्चों को बहुत लंबी और अधिक जटिल प्रक्रिया के माध्यम से नागरिकता प्राप्त करने की आवश्यकता होगी, इसके कारण यूएस नागरिकता प्राप्त करने के उनके मार्ग में कई साल और लग सकते हैं। इसके अलावा अस्थायी वीजा पर यूएस में रहने वाले भारतीय अप्रवासियों को अपने बच्चों के लिए निवास सुरक्षित करने का प्रयास करते समय अतिरिक्त बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। इससे संभवतः अधिक पारिवारिक अलगाव हो सकते हैं, क्योंकि माता-पिता को अधिक कठिन और लंबी इमिग्रेशन प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है।

अतः अगर हम अपनी बहन का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि ट्रंप के फैसलों से दुनियाँ दंग-बाईडेन के 78 फैसले भंग- क्या रुकेगी रूस यूक्रेन जंग- अमेरिकी बर्थ राइट सिटीजनशिप कानून भंग! अमेरिका में शपथ लेते ही ट्रंप का दे दनादन- पहले ही दिन 100 से अधिक महत्वपूर्ण फैसले।अवैध प्रवासियों, घुसपैठियों कीपहचान कर उन्हें बाहर करने का स्वतः संज्ञान अमेरिका की तर्ज पर भारत को भी लेना समय की मांग।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

तीखी नजर

# जीवन में भ्रम ही भ्रम



सुरेश रायकवार

दयाराम जी का पोता बचपन से ही भ्रम के जाल में फंसा हुआ हैं जब वह पैदा हुआ तो नर्स द्वारा बताया गया था कि लड़की हुई है किंतु बाद में पुष्टि हुई कि लड़का हुआ है। वैसे ही उसके नाम के साथ हुआ, मां उसे हनी कहकर पुकारती तो पिता लकी के नाम से बुलाते, वह बड़ा भ्रमित होता कि कौनसे नाम से अपनी प्रतिक्रिया दे। खैर, जब स्कूल गया तो हनी और लकी की जगह पंडितजी द्वारा सुधाया हुआ तीसरा ही नाम सत्यम लिखा दिया गया। स्कूल में भी सत्यम नाम सिर्फ हाजिरी के दौरान पुकारा जाता था बाकी तो कोई उसे सत्या कहता तो कोई मोटू और कोई गप्पू। नौकरी लगी तो नाम फिर बदल गया अब ना कोई सत्या कहता ना कोई मोटू गप्पू, यहां तो कोई वर्माजी तो कोई सरजी कहकर पुकारता। बेचारा पोता आज तक नहीं समझ पाया कि आखिर उसका असली नाम कौनसा है? दयारामजी का पोता जैसे-जैसे बड़ा हो रहा था, उसका भ्रम भी मंहगाई की तरह बढ़ता ही जा रहा था। टीवी पर प्रसारित होने वाले विज्ञापन उसके भ्रम की आग में घी का काम करते, विज्ञापन देख के वह निर्णय नहीं कर पाता की हाइट बढ़ाने के लिए कम्पलॉन पीना उचित है या होर्लिक्स ज्यादा असरदार है। गोरे होने के लिए फेयर एंड लवली लगाऊं या विको टर्मरिक। इसी तरह लड़की कॉलगेट करने से पटेगी या क्लोजअप से। वैसे लड़कियां तो फॉग के विज्ञापन में भी पटती नजर आती हैं।

सत्यम ने जैसे ही हाई-स्कूल की परीक्षा पास की वैसे ही मां ने कहा इसे डॉक्टर बनाएंगे और पिता कहते इंजीनीयर। लेकिन बेचारे सत्यम से कोई नहीं पूछता कि उसे क्या बनना है। फिर भी उसने मां के कहने पर डॉक्टरी की पढ़ाई और पिता के कहने पर इंजीनीयरिंग की पढ़ाई के लिए होने वाले प्री-टेस्ट देने का निर्णय लिया किंतु बदकिस्मती से उन दोनों टेस्ट के पर्चे लीक हो गए और परीक्षा भी निरस्त हो गई। बेचारा सत्यम ना डॉक्टर बन पाया ना इंजीनीयर। जब नौकरी करने की बात आई तब भी अनिर्णय की स्थिति में था, कभी कहता सरकारी नौकरी अच्छी रहेगी तो कभी मल्टीनेशनल कंपनी के सेलरी पेकेज और स्टेटस पर मोहित होता। किन्तु अंततः आर्थिक भेंट पूजा और जुगाड़ कर-के उसे सरकारी बाबू की नौकरी से ही संतुष्ट होना पड़ा।

इधर कोई नेता अपने प्रचार में मुफ्त राशन और रोजगार की गारंटी दे रहा है तो दूसरा मुफ्त बिजली-पानी की। अब बेचारा यहां भी भ्रम के भंवर में फंस के रह जाता है। जैसे-तैसे उसने एक निहायत ईमानदार नेता को वोट देने का मन बनाया तो उसी दिन शाम को नेताजी घोटाले के आरोप में गिरफ्तार हो गए। एक कोर्ट ने उन्हें दोषी मानकर जमानत नहीं दी तो दूसरी अदालत ने बिना मांगे ही जमानत दे दी। बेचारा पोता यहां भी फिर से भ्रमित हो गया, अंत में उसने नोटा के बारे में गंभीरता से विचार किया। वैसे भी अपने देश में दयारामजी का पोता ही क्यों, देश के सारे मतदाता ही भ्रमित हुए पड़े है, तभी तो हर चुनाव में गठबंधन-वाला विपक्ष और गठबंधन-वाली ही सरकार चुनी जा रही है।

# सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच और ज्वेरेव



## नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में कार्लोस अल्काराज को 4 सेट में हराया, ज्वेरेव ने भी अपना क्वार्टर फाइनल जीता

● मेलबर्न,

24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टेनिस के ओलिंपिक चैंपियन जोकोविच ने पुरुष एकल में तीसरी सीड स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4 सेट तक चले मुकाबले में पिछड़ने के बाद हराया। मेलबर्न के रोड लेवर एरिना में दूसरी ओर जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी अपना क्वार्टर फाइनल जीत लिया।

पहला सेट हारने के बाद जीते जोकोविच 37 साल के जोकोविच ने पेरिस ओलिंपिक के गोल्ड मेडल मैच में भी अल्काराज को ही हराया था। जोकोविच के खिलाफ 21 साल के अल्काराज ने पहला सेट 6-4 से जीता। जोकोविच ने वापसी की और दूसरा सेट 6-4 के अंतर से ही अपने नाम कर लिया। जोकोविच ने अपना दबदबा कायम रखा और आखिरी 2 सेट 6-3, 6-4 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। नोवाक जोकोविच अब 24 जनवरी को सेमीफाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे। ज्वेरेव ने दबदबा बनाते हुए जीत दर्ज की दूसरी सीड जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिका के टॉमी पॉल के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जीता। ज्वेरेव को शुरूआती 2 सेट जीतने में मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन उन्होंने 7-6, 7-6 के अंतर से दोनों सेट जीत लिए। पॉल ने वापसी की और तीसरा सेट 6-2 से अपने नाम किया। ज्वेरेव ने फिर कमबैक किया और चौथा सेट 6-1 के अंतर से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेंस सिंगल्स इवेंट में बेस्ट ऑफ 5 होता है। सबसे पहले 3 सेट जीतने वाला प्लेयर विजेता होता है। एलेक्जेंडर ज्वेरेव तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच के नाम 24 ग्रैंडस्लैम जोकोविच ने अपने करियर में 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं, इनमें सबसे ज्यादा 10 बार उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन पर ही कब्जा किया। जोकोविच ने 7 बार



विंबलडन का खिताब भी जीता है। वहीं उनके नाम 4 वर ओपन और 3 फ्रेंच ओपन के खिताब भी हैं। जोकोविच टेनिस में गोल्डन स्लैम जीतने वाले 13वें प्लेयर हैं। गोल्डन स्लैम यानी ओलिंपिक में गोल्ड समेत चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी। टेनिस के उभरते खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज 4 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं। हालांकि, वे अब तक ऑस्ट्रेलियन ओपन पर कब्जा नहीं कर सके। उन्हें पिछले साल भी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने पिछले साल जोकोविच को हराकर ही दूसरी बार विंबलडन जीता था। वे 1-1 बार फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के चैंपियन भी बन चुके हैं।

## सार संक्षेप

### जय शाह ओलंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाक से मिले, 30 जनवरी को बैठक



**मुंबई** : आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ब्रिसबेन 2032 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने को लेकर इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक से मिले हैं। 30 जनवरी को ओलंपिक हाउस स्विट्जरलैंड के लुसाने में आईओसी सेशन की मीटिंग होनी है। मंगलवार को आईसीसी ने सोशल मीडिया पर जय शाह की फोटो पोस्ट की, आईसीसी ने लिखा कि क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने का प्रयास जारी है। जय शाह ने इस सप्ताह स्विट्जरलैंड के लुसाने में आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की। ब्रिस्बेन में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट के समय शाह ब्रिसबेन में थे, तब उन्होंने 2032 ब्रिसबेन ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की मांग की थी। शाह ने ओलंपिक आयोजन समिति के प्रमुख सिंडी हुक और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ निक हॉकले के साथ बैठक भी की थी। जय शाह ने तब कहा था कि यह खेल के लिए एक रोमांचक समय है, क्योंकि हम एलए-28 ओलंपिक खेलों की तैयारी कर रहे हैं। दुनियाभर के फैंस के लिए क्रिकेट को अधिक आकर्षक बनाने के लिए हम सब काम कर रहे हैं। जय शाह ने दिसंबर 2024 में ब्रिसबेन 2032 ओलंपिक कमेटी के मेंबर्स से मुलाकात की थी। जय शाह ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव के रूप में 2028 लॉस एंजिल्स (एलए) ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### भारत ने मलेशिया को अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप में हराया

**कुआलालंपुर** : अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। मंगलवार को टीम ने मलेशिया को 10 विकेट से हरा दिया। कुआलालंपुर में मलेशिया ने पहले बैटिंग की, लेकिन टीम 31 रन ही बना सकी। भारत ने महज 2.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए टारगेट हासिल कर लिया। भारत ने पहले मैच में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया था। भारत की ओर से स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने सिर्फ 5 रन देकर 5 विकेट झटके, जिसमें एक हैट्रिक शामिल है। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। विमेंस भारत की कप्तान निकी प्रसाद ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। मलेशिया ने दूसरे ही ओवर में पहला विकेट गंवा दिया। नुनी फरिनी बिना खाता खोले आउट हो गई, इस वक्त टीम का स्कोर 4 रन था। टीम से कोई भी खिलाड़ी दहाई को आंकड़ा नहीं छू सके। भारत के लिए वैष्णवी शर्मा ने सबसे ज्यादा 5 विकेट झटके। आयुषी शुक्ला ने 3 विकेट लिए। वीजे जोशीता को एख विकेट मिला। टीम 14.3 ओवर में 31 रन बनाकर ऑलआउट हुई। 14वें ओवर में वैष्णवी ने मलेशिया की नूर एन, नूर इस्मा डानिया और सिति नजवाह को लगातार तीन गेंदों पर आउट कर हैट्रिक पूरी की। 31 रन के टारगेट का पीछा करते हुई भारतीय टीम ने 2.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए टारगेट चेज कर लिया। भारत के लिए गोंगाडी त्रिशा ने 12 बॉल पर 27 और जी कमलिनी ने 5 बॉल पर 4 रन बनाए। पॉइंट्स टेबल में लगातार दूसरा मैच जीतकर भारत ग्रुप-ए के पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर कायम है। श्रीलंका के भी भारत के बराबर 2 पॉइंट्स हैं, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण इंडिया विमेंस टीम पहले नंबर पर है। टीम 23 जनवरी को श्रीलंका के खिलाफ तीसरा मैच कुआलालंपुर में खेलेगी।

# मोहम्मद शमी की वापसी पर सबकी नजरें

### वॉशिंगटन और नीतीश में से किसी एक को मिलेगा मौका इंग्लैंड के खिलाफ पहला टी-20 मैच आज शाम सात बजे से

**कोलकाता, वार्ता** : भारत और इंग्लैंड के बीच आज कोलकाता के ईडेन गार्डेंस पर पांच मैचों की सीरीज का पहला टी-20 मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच से अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भारतीय टीम में वापसी करेंगे जो वनडे विश्व कप 2023 के बाद से टीम से बाहर चल रहे थे। शमी ने घरेलू क्रिकेट में खेलकर अपनी मैच फिटनेस साबित की है और अगर सबकुछ योजना के अनुसार रहा तो शमी का प्लेइंग-11 में जगह बनाना पक्का है।

टी-20 प्रारूप में भारत को हराना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता है। हालांकि, भारतीय टीम के खिलाफ इस प्रारूप में जीत हासिल करने में इंग्लैंड का कोई तोड़ नहीं है। शीर्ष टीमों में इंग्लैंड ऐसी टीम है जिसका भारत के खिलाफ जीत प्रतिशत सबसे ज्यादा है। इंग्लैंड ने 24 में से 11 बार भारतीय टीम के खिलाफ जीत दर्ज की है और उसका जीत प्रतिशत 45.80 प्रतिशत है जो अन्य टीमों के मुकाबले सबसे ज्यादा है। वहीं,



दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड का जीत का प्रतिशत भी भारत के खिलाफ बेहतर है। ओवरऑल बात करें तो किसी भी टीम के लिए भारत को उसकी जमीन पर हराना आसान नहीं है। टी-20 में भारत पिछले कुछ समय से अजेय चल रहा है। कोलकाता का ईडेन गार्डेंस कई ऐतिहासिक जीत का गवाह रहा है और टी-20 में यह भारत के लिए लकी ग्राउंड है। भारत ने इस मैदान पर अबतक सात टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं जिसमें छह में उसे जीत मिली है, जबकि एक मैच गंवाया है। दिलचस्प बात यह है कि भारत को इस मैदान पर एकमात्र टी20 हार इंग्लैंड से ही मिली है। इंग्लैंड ने 2011 में खेले गए मैच में भारत को हराया था। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम के पास अब इंग्लैंड को हराने का अवसर रहेगा। पिछले साल टी-20 विश्व कप में खिताब जीत के बाद इस प्रारूप में टीम में कई बदलाव हुए हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास और शुभमन गिल के बाहर रहने से शीर्ष क्रम बदला नजर आया है। पिछले कुछ सीरीज से संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ओपनिंग करने उतर रहे हैं और इंग्लैंड के खिलाफ भी यही जोड़ी पारी का आगाज करने उतर सकती है। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार यादव तीसरे और तिलक वर्मा चौथे स्थान पर उतरते दिखाई दे सकते हैं जैसा पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में देखने मिला था। मौजूदा भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ कई युवा खिलाड़ी भी हैं। बल्लेबाजी क्रम में स्थिति काफी हद तक स्पष्ट है, लेकिन गेंदबाजी में कई विकल्प मौजूद हैं। ऐसे में सही संयोजन चुनना टीम प्रबंधन के लिए चुनौती होगी। शमी के साथ अर्शदीप सिंह तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे। स्पिनर के तौर पर टीम के पास अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई हैं। वरुण कोलकाता की पिच से अच्छी तरह परिचित हैं, ऐसे में टीम प्रबंधन बिश्नोई की जगह वरुण को चुन सकता है।

### पहले टी-20 के लिए इंग्लिश टीम का ऐलान

कोलकाता, वार्ता : इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले टी-20 मैच के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। मुकाबला आज कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। प्लेइंग में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड को जगह मिली है। विकेटकीपर फिल सॉल्ट ओपनर बेन डकेट के साथ बल्लेबाजी की शुरूआत करेंगे। वहीं कप्तान जोस बटलर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए दिख सकते हैं। बटलर विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। आर्चर के साथ एटकिंसन और वुड फास्ट बॉलर्स टीम में 4 तेज गेंदबाजों को शामिल किया गया है। करीब एक साल बाद गस एटकिंसन की टीम में वापसी हुई है। दिसंबर 2023 में उन्होंने वेस्टइंडीज दौरे पर आखिरी टी-20 मैच खेला था। 3 टी-20 में, एटकिंसन ने 9.50 की इकॉनमी रेट से 6 विकेट लिए हैं। जोफ्रा आर्चर ने भारत में आखिरी बार 20 मार्च 2021 को टी-20 खेला था। टीम में मार्क वुड और जैमी ओवरटन का नाम भी है। इंग्लैंड के रेड बॉल कोच ब्रेंडन मैक्कुलम के लिए बतौर व्हाइट बॉल कोच यह पहली सीरीज होगी। पहले टी-20 से पहले मैक्कुलम ने रिपोर्टर्स से कहा कि मैं जानता हूं कि यह दौरा मुश्किल होने वाला है, क्योंकि हमारा सामना भारत की मजबूत टीम से हो रहा है। यह शानदार और रोमांचक सीरीज होगी। 18 जनवरी को इंग्लैंड टीम भारत पहुंची थी, जिसके बाद उन्होंने सोमवार को ट्रेनिंग स्टार्ट की। साउथ अफ्रीका में प्रिटोरिया कैपिटल्स के साथ टी-20 लीग खेल रहे लियम लिविंगस्टन सबसे पहले भारत आए थे। दुबई में ट्रेनिंग पूरी करने के बाद टीम के बाकी सदस्य भारत आए थे।

# 13 साल बाद रणजी मैच खेलेंगे विराट कोहली

### 30 जनवरी को दिल्ली और रेलवे के बीच मुकाबला बीसीसीआई ने घरेलू मैच में खेलना अनिवार्य किया

**नई दिल्ली, वार्ता** : विराट कोहली 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे। उन्होंने 30 जनवरी को दिल्ली और रेलवे के बीच होने वाले मुकाबले में खेलने की पुष्टि की है। दिल्ली के कोच सरनदीप सिंह ने बताया कि विराट ने दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली और टीम प्रबंधन को बताया है कि वह रेलवे के खिलाफ मुकाबले के लिए उपलब्ध रहेंगे।

हालांकि, वह 23 जनवरी को सौराष्ट्र के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेलेंगे। विराट कोहली ने बीसीसीआई मेडिकल टीम को सूचित किया है कि उनकी गर्दन में दर्द है। वह इंजेक्शन ले रहे हैं। फिट होने के बाद वह दूसरे मैच से उपलब्ध रहेंगे। विराट ने अपना अंतिम रणजी ट्रॉफी मुकाबला 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ गाजियाबाद में खेला था। हाल ही में डीडीसीए ने विराट का नाम 22 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में भी शामिल किया था। विराट के साथ रिषभ पंत को भी टीम में शामिल किया गया था। पंत ने सौराष्ट्र के विरुद्ध मैच खेलने के लिए मंगलवार को टीम के साथ जुड़े। शनिवार को चैंपियंस ट्रॉफी टीम की घोषणा के बाद भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने घरेलू मैदान पर जम्मू और कश्मीर के खिलाफ मुंबई के मैच के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की



थी। वहीं शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और रवींद्र जडेजा सहित भारत के अन्य सितारे भी अपनी-अपनी टीमों के लिए रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में नजर आएंगे। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब बल्लेबाजी विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ फ्लॉप रहे। उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 23.75 के औसत से 190 रन बनाए। जबकि, न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 टेस्ट की सीरीज में 15.50 के औसत से महज 93 रन बना सके। इन दोनों सीरीज में विराट बार-बार ऑफ स्टंप के बाहर की बॉल पर कैच आउट हो रहे हैं। कई दिग्गज बल्लेबाजों ने उन्हें रणजी ट्रॉफी खेलने की सलाह दी है।

# होबार्ट सात साल बाद बीबीएल फाइनल में

## सिडनी सिक्सर्स को 12 रन से क्वालिफायर हराया, राइली मेरेडिथ प्लेयर ऑफ द मैच

● होबार्ट,

**होबार्ट** हरिकैन्स बिग बैश लीग (बीबीएल) के 14वें सीजन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। टीम ने 7 साल बाद खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। मंगलवार को होबार्ट ने क्वालिफायर में 3 बार की चैंपियन सिडनी सिक्सर्स को 12 रन से हरा दिया। पावरप्ले में 2 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज राइली मेरेडिथ प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

होबार्ट में पहले बैटिंग करते हुए टेबल टॉपर होम टीम ने 7 विकेट खोकर 173 रन बनाए। सिडनी ने शुरूआती विकेट जल्दी गंवाने के बाद कमबैक किया, लेकिन टीम 5 विकेट खोकर 161 रन ही बना सकी। हरिकैन्स अब 27 जनवरी को होबार्ट में ही फाइनल खेलेगी। होबार्ट की तेज शुरूआत बेलेरिव ओवल में सिडनी ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। होबार्ट को ओपनर मिचेल ओवन और कैलेब जेवेल ने तेज शुरूआत दिलाई। दोनों ने 4 ही ओवर में 47 रन की पार्टनरशिप कर ली। ओवेल 36 रन बनाकर



आउट हुए, उनके बाद मैथ्यू वेड भी 4 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गए। बेन मैक्डरमोट ने 42 रन की पारी खेली। बेन मैक्डरमोट ने फिर जेवेल के साथ तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की। जेवेल 40 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में मैक्डरमोट ने 42, टिम डेविड ने 25 और निखिल चौधरी ने 14 रन बनाकर स्कोर 173 रन तक पहुंचा दिया। सिडनी से बेन ड्वारशस और जैफर चोहान ने 2-2 विकेट लिए। 1-1 सफलता जैक एडवर्ड्स और मिचेल पेरी के हाथ लगी। सिडनी ने बेहतरीन बॉलिंग से होबार्ट को 180 रन के पार नहीं जाने दिया। 174 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी सिडनी सिक्सर्स की शुरूआत खराब रही। टीम ने 5 रन पर ही 3 विकेट गंवा दिए। कप्तान मोइजेस हेनरिक्स 1 ही रन बना सके, वहीं जोश फिलिप और जैक एडवर्ड्स तो खाता भी नहीं खोल पाए। पावरप्ले में मेरेडिथ ने 2 और कैमरन गैनन ने 1 विकेट लिया। 3 विकेट जल्दी गिरने के बाद ओपनर कर्टिस पैटरसन ने जॉर्डन सिल्क के साथ पारी संभाली। दोनों ने 75 रन जोड़े ही थे कि पैटरसन 48 रन बनाकर आउट हो गए। सिल्क ने फिर लाचलन शॉ के साथ 64 रन की पार्टनरशिप की। सिल्क फिर 57 रन बनाकर आउट हो गए। जॉर्डन सिल्क ने फिफ्टी लगाई, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। लाचलन और बेन ड्वारशस ने आखिर में टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन टारगेट बहुत ज्यादा बड़ा साबित हुआ। ड्वारशस 16 और लाचलन 33 रन बनाकर नॉटआउट रहे, इसके बावजूद टीम 5 विकेट खोकर 161 रन ही बना सकी। होबार्ट से मेरेडिथ और गैनन ने 2-2 विकेट लिए।

### परिवार के साथ होने से खेल खराब नहीं होता : बटलर

**कोलकाता,** : इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि क्रिकेट सीरीज के दौरान परिवार के साथ होने से खेल पर असर नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि लंबे दौरों पर खुद को मोटिवेट और रिफ्रैश रखने के लिए फैमिली का साथ चाहिए। कोविड के बाद से तो अपनों को साथ रखना और उनके साथ रहना और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। बटलर का यह बयान भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज शुरू होने से पहले आया। दूसरी ओर, बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज हारने के बाद इंडियन प्लेयर्स के फैमिली से मिलने पर टाइम लिमिट लगा दी। कप्तान रोहित शर्मा खुद इस फैसले से खुश नजर नहीं आए। बटलर ने मैच से पहले कहा कि मुझे लगता है ये बेहद जरूरी है। हम एक मॉडर्न वर्ल्ड में रहते हैं और ऐसे समय में परिवार को भी साथ होना चाहिए, ताकि हम हमारे गम और खुशियों को फैमिली मेंबर्स के साथ भी बांट सकें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)